हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 2 फरवरी 2025



# भाजपा के पार्षद प्रत्याशी आज निकालेंगे वार्डों में रैली, कांग्रेस ने हर वार्ड में दो युवाओं को सोशल मीडिया कैंपेनिंग में लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नाम वापसी प्रक्रिया के बाद तस्वीर साफ होते ही अब चुनावी पारा चढ़ गया है। प्रमुख राजनीतिक दलों के साथ ही निर्दलियों ने भी प्रचार का आगाज कर दिया है। इधर शक्ति प्रदर्शन करने के लिए भाजपा के सभी पार्षद प्रत्याशी अपने-अपने वार्डों में आज रैली निकालेंगे। वहीं कांग्रेस ने सभी वार्डों में दो दो युवाओं को सोशल मीडिया के जरिए प्रचार की जिम्मेदारी सौंप दी है।

उल्लेखनीय है कि नगरीय निकाय चुनाव को लेकर अब उल्टी गिनती शुरू हो गई है। आगामी 11 फरवरी को शहरी सरकार चुनने के लिए मतदान हो जाएगा। इससे पहले शेष 10 दिनों में मतदाताओं को अपने तरफ करने के लिए प्रत्याशी पूरा दम लगा रहे हैं। आधुनिकता के इस दौर में प्रचार का माध्यम भी बदलता जा रहा है। अब सड़कों में बैनर-पोस्टर की संख्या में कमी आ गई है, बल्कि इसकी जगह डिजिटल प्रचार पर प्रत्याशियों का अधिक फोकस है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपने प्रचार के पोस्टर लोगों तक पहुंचाने के साथ ही वोट देने की अपील का वीडियो भी अपलोड किए जा रहे हैं। दोनों ही दलों ने बकायदा एक टीम को इस काम के लिए तैनात कर दिया है।

## पार्षद प्रत्याशियों के लिए रोजाना के लिए कार्यक्रम जारी कर रही भाजपा, कांग्रेस वाट्सएप से दे रही सूचना

### खास बातें

- प्रत्याशियों ने शुरू किया डोर टू डोर जनसंपर्क
- निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी प्रचार में झोंकी अपनी ताकत
- 9 फरवरी की शाम तक रहेगा शोरगुल



### कांग्रेस ने की हर वार्ड में युवाओं की टीम तैनात

कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी निखिल द्विवेदी ने अपनी तरफ से सभी वार्डों में 10-10 युवाओ को जिम्मेदारी देकर तैनात कर दिया है। यह युवा नेता संबंधित वार्डों में मेयर प्रत्याशी के साथ ही पार्षद चुनाव लड़ने वाले कांग्रेसियो के लिए भी वोट मांग रहे है। इनमें ही दो युवाओ को सोशल मीडिया संभालने की जिम्मेदारी दी गई है। जो रोजाना प्रचार के वीडियो पोस्ट कर रहे है।

### बागी बिगाड़ेंगे दलों का खेल

भाजपा और कांग्रेस से पार्षद टिकट की दावेदारी कर रहे ऐसे नेता जिन्हें टिकट नहीं मिली वे भी अब चुनावी मैदान में उतरकर पार्टियों की दिक्कतें बढ़ा रहे हैं। हालांकि दोनों दलों ने बड़ी संख्या में रूठे हुए नेताओं को मना लिया है, लेकिन उसके बाद भी भाजपा को तीन और कांग्रेस में दस वार्डों में अपनों से ही सामना करना पड़ रहा है। भाजपा में वार्ड क्रमांक 15 में विनोद रजक, 18 में जमुना साहू और 26 में अंजली सिन्हा निर्दलीय रूप से मैदान में हैं। कांग्रेस में वार्ड क्रमांक 2 से सुरेंद्र देवांगन, 4 से बैनाबाई टुरहटे, 5 से पार्वती निषाद, 11 से सिद्धार्थ डोंगरे, 26 से श्यामबती सिन्हा, 27 से जितेश सिमनकर, 28 से शरद कुशवाहा, 33 से शकुर चौहान और सुनीता सिन्हा, 40 से अंजु बंजारे के साथ ही 48 से पुष्पेन्द्र सोनकर निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं।

### प्रभारी बनाए, जिताने की दी जिम्मेदारी

कांग्रेस और भाजपा ने वार्ड प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रभारियों की नियुक्ति भी कर दी है। सीनियर नेताओं को प्रभारी बनाकर चुनाव जीताने की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही रूठे हुए कार्यकर्ताओं को मनाकर चुनावी काम में लगाने का टास्क भी दिया गया है। प्रत्याशियों के साथ ही पार्टी भी अपने संगठन के नेताओं के भरोसे हर मतदाता तक पहुंचने की कवायद में जुट गए हैं।

## खबर संक्षेप

### बगदई में आज से श्रीमद भागवत कथा

**राजनांदगांव।** डोंगरगांव से लगे ग्राम बगदई में ग्रामवासियों के



सहयोग से नौ दिवसीय भागवत कथा कल 2 फरवरी से आयोजित है। कथावाचक खैरागढ़ के विजय कृष्ण तिवारी होंगे। कथा का समय दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक रखा गया है। कथा के परायणकर्ता छुईखदान वाले पं. कुणाल मिश्रा होंगे।

### ठाकुरटोला में 7 फरवरी को मड़ई, नाचा भी

**राजनांदगांव।** सोमनी समीपस्थ ग्राम ठाकुरटोला में इस वर्ष भी 7 फरवरी को ग्राम विकास समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में मंडई मेला का आयोजन रखा गया है। उक्त जानकारी देते सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्राम विकास समित ठाकुरटोला के सचिव विसकृत लाल साहू ने बताया कि 7 फरवरी को गांव में मंडई मेला का आयोजन हो रहा है एवं रात्रि में मनोरंजन हेतु नवा किरण छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ग्राम भंडारपुर डोंगरगढ़ का कार्यक्रम रखा गया है। 8 एवं 9 फरवरी को दो दिवसीय रामायण सम्मेलन का आयोजन रखा गया है।

## माय एंगल




### रैक पाईंट बदलने से खाद की सप्लाई अटकी, पड़ोसी जिलों से मंगा रहे

# डीएपी-यूरिया के संकट से जूझ रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रैक पाईंट में बदलाव होने के बाद अब तक रैक कोड जारी नहीं होने से जिले में खाद की सरकारी सप्लाई अटक गई है। हालत यह है कि पिछले चार महीने से खाद का स्टॉक जिले के लिए जारी नहीं हो पाया है। ऐसे में किसानों को भी खाद संकट से जूझना पड़ रहा है। यूरिया और डीएपी की किल्लत की वजह से किसान परेशान हैं। हालांकि अफसरों का दावा है कि पड़ोसी जिलों से खाद मंगा कर किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा है।

इधर आंकड़ों पर नजर डाला जाए तो अब तक महज 28 फीसदी ही खाद का वितरण हो पाया है। जबकि लक्ष्य के मुकाबले 41 फीसदी भंडारण ही किया गया है। इसमें भी यूरिया, डीएपी और पोटाश का भंडारण बेहद कम मात्रा में हो पाया है। इधर किसानों को मजबूरन निजी दुकानों से महंगे दाम पर खाद लेना पड़ रहा है। अधिक दाम पर बिक्री के खिलाफ भी विभाग अब तक कोई एक्शन लेता हुआ नजर नहीं आ रहा है।

उल्लेखनीय है कि खरीफ सीजन की फसल बेचने के बाद जिलेभर में किसानों ने रबी सीजन की तैयारियां शुरू कर दी है। बड़ी संख्या में किसानों ने खेत सुधार के बाद अब बोनी का काम शुरू कर दिया है। ऐसे में किसानों को खाद की आवश्यकता पड़ रही है, लेकिन सहकारी केंद्रों से उन्हें जरूरत अनुसार खाद नहीं मिल पा रहा है।



### इस वजह से दिक्कतें

अफसरों से मिली जानकारी के अनुसार करीब चार महीने पहले रेलवे स्टेशन में जीर्णोद्धार का काम की वजह से रैक पाईंट को नेहरू नगर शिफ्ट कर दिया गया है। जबकि शिफ्टिंग के बाद से अब तक इस रैक पाईंट को लेकर नया कोड जारी नहीं हो पाया है। कोड जारी नहीं होने से खाद की सप्लाई अटक गई है। इसको लेकर संबंधित विभाग से पत्राचार किया जा चुका है, लेकिन अब तक कोड नहीं मिल पाया है।

### चालीस फीसदी ही सप्लाई

जिले में खाद सप्लाई अटकने से सबसे अधिक समस्या डीएपी को लेकर हो गई है। जिले में मांग के मुकाबले चालीस फीसदी डीएपी का ही भंडारण हो पाया है। आकड़े के अनुसार जिले में 3900 टन भंडारण का टारगेट है, लेकिन अब तक महज 1332 टन का ही भंडारण हो पाया है। वहीं यूरिया भी 10 हजार टन का लक्ष्य है, लेकिन अब तक 2049 टन का ही भंडारण हो पाया है।

समदा
सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त
डॉ. मयंक जैन
M.B.B.S. (Hons), M.S. Orthopaedics
अस्थि रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
आर्थोस्कोपी और ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी ट्रॉमा
आर्थोस्कोपी और ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन



उपलब्ध सुविधाएं
- घुटने का प्रत्यारोपण
- स्पाइन ट्रॉमा सर्जरी
- कंधे का दर्द
- कूल्हे का प्रत्यारोपण
- आर्थोस्कोपी ACL/PCL
- जोड़ों में दर्द
- गठिया का इलाज
- सभी प्रकार के फ्रैक्चर के प्लास्टर एवं ऑपरेशन
- जन्मजात विकार का उपचार
- पुराने नहीं जुड़े एवं मवाद वाले फ्रैक्चर और घाव का उपचार

PM-JAY
आयुष्मान कार्ड से इलाज की सुविधा
- अपॉईटमेंट हेतु संपर्क करें - 077443 56654
परामर्श समय :- सुबह 10 से शाम 7 बजे तक
बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड राजनांदगांव (छ.ग.)

# शिरोमणी आचार्य विद्यासागर महाराज आध्यात्मिक चेतना के पूंजः मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मां बम्लेश्वरी की धर्मनगरी डोंगरगढ़ के चंद्रगिरि तीर्थ स्थल में आचार्य विद्यासागर जी महाराज की प्रथम पुण्यतिथि पर समाधि स्मृति महोत्सव की शुरूआत हुई।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित डिप्टी सीएम अरूण साव, विजय शर्मा ने 1 से 6 फरवरी तक होने वाले इस महान धार्मिक आयोजन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर आचार्य विद्यासागर महाराज की समाधि स्थल पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विधिवत जैन धार्मिक परम्परा के अनुरूप उनके दर्शन किए। साथ ही उनोंने देश के विभिन्न कोनों से पहुंचे अन्य आचार्य एवं गुरू माताओं से आशीर्वाद भी लिया। प्रातः 9 से 10 बजे के बीच हुए आयोजन में मंत्री अरूण साव एवं विजय शर्मा ने 1 फरवरी को चंद्रगिरि में होने वाले आयोजन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर जैन आर्मी छग ललितपुर की परेड की सलामी लेकर देवशस्त्र गुरूवंदन, गेस्ट आफ ऑनर एवं धार्मिक



ध्वजारोहण में सलामी ली। जिसमें संगीत वंदना, तोप सलामी, शाश्वत गान, ध्वजा गीत एवं स्कूल के छात्र-छात्राओं का गीत-संगीत भी आयोजन हुआ। दोपहर 2 बजे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जैन धार्मिक स्थल पर इंद्रानी प्रतिष्ठा मंडल एवं रामवसारण प्रतिष्ठा में सम्मिलित हुए। इस दौरान कार्यक्रम में लालचंद बाफना, कोमल राजपूत, रामजी भारती, विनोद खांडेकर, विनोद जैन, सुरेशचंद जैन, किशोर जैन, अंसुल जैन, विनोद बडजात्या के अलावा अनेक जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

### गौशाला का निरीक्षण

इस दौरान उन्होंने जैन तीर्थ चंद्रगिरि स्थल के स्कूल एवं हथकरघा केन्द्र एवं गौशाला को भी देखा। धर्मस्थली में पहुचे प्रदेश के मुखिया सहित दोनो मंत्रियों का जैन समुदाय के लोगों ने आत्मीय स्वागत सम्मान किया।

### धरोहर के रूप में पूरे देश में बनेगी पहचान

सीएम श्री साय ने कहा कि धर्मनगरी डोंगरगढ़ को जैन समुदाय के अलावा पूरे विश्व में जैन धर्म की सबसे बडी उपलब्धि और संत शिरोमणी आचार्य विद्यासागर जी महाराज की भूमि की पहचान में अनंत कोटी तक जाना-जाना बताया। उन्होंने जैन मुनि आचार्य विद्यासागर को प्रणाम करते हमेशा ही धर्म के प्रति आस्था, प्रकाश और विचारों के समावेश में हर पल धर्मनगरी डोंगरगढ़ के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के धरोहर के रूप में पूरे देश में पहचाने जाने की बात भी कही।

### निर्दलीय प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह का आबंटन

# महिलाओं को रिझाने सिलाई मशीन और युवा वोटरों के लिए बल्ला रहा पहली पसंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव का चुनावी रण पूरी तरह से तैयार हो चुका है। राजनीति की इस जंग में राष्ट्रीय पार्टियों के अलावा निर्दलीय भी अपनी किस्मत आजमाने उतर चुके। राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पार्टी जहां अपने-अपने चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ती है। वहीं निर्दलियों की पसंद मतदाताओं के अनुसार होती है। 51 वार्ड वाले शहर में महिला वोटरों की संख्या अधिक है तो निर्दलीय प्रत्याशियों की पसंद भी महिला वोटरों को रिझाने सिलाई मशीन रही। वहीं युवा



वोटरों की भी अधिक संख्या होने के चलते युवाओं को आकर्षित करने प्रत्याशियों ने बल्ला चुनाव चिन्ह भी लिया। शहर के 51 वार्ड में पुरूष मतदाताओं की अपेक्षा 5115 अधिक महिला मतदाताओं की संख्या है। इन महिला मतदाताओं की अधिकांश वार्डों में पुरूष मतदाताओं के मुकाबले भी संख्या ज्यादा है। जिसके चलते निर्दलीय पुरूष और महिला प्रत्याशियों की पसंद सिलाई मशीन रही।

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
- ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
- पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
- एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट देखे कल के अंक में
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार — 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार — 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार — 2 नग रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार — 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार — 1100
नियम व शर्तें लागू
नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

## खबर संक्षेप

### बांधाबाजार मड़ई 5 को

**बांधाबाजार।** ग्राम में आगामी 5 फ़रवरी को मंडई मेला रखा गया है। रात को लोक रंजनी दैहान के कार्यक्रम का मंचन होगा। ग्राम के पवन साहू ने यह जानकारी देते हुए आसपास के लोगों से शामिल होने का आव्हान किया है।

### भंवरमरा मड़ई 4 को

**जेवरतला रोड।** ग्राम भंवरमरा में आगामी 4 फरवरी को मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए लोक कला संस्कृति छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी घीना का कार्यक्रम होगा। यह जानकरी व्याख्याता माधव कुमार ठाकुर ने दी।

### जैन ने दाखिल किया नामांकन

**छुरिया।** सड़क चिरचारी के पूर्व सरपंच मनीष जैन ने जनपद पंचायत के क्षेत्र क्रमांक 3 से नामांकन फार्म दाखिल किया है। वर्तमान उनकी पत्नी सरपंच है। उन्होंने समर्थकों के साथ तहसील कार्यालय पहुंचकर नामांकन दाखिल किया।

### लक्ष्मी नारायण यज्ञ आज से

**खुज्जी।** दर्री के शिवनाथ नदी तट स्थित ब्रह्मचारी आश्रम में कल 2 फरवरी से 5 कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ रखा गया है। कल 2 फरवरी को कलश यात्रा, प्रायश्चित कर्म, पंचांग पूजन, दस विधि स्नान, मंडप प्रवेश के साथ यज्ञिक कर्म का शुभारंभ यज्ञाचार्य बसंत तिवारी द्वारा किया जाएगा। आश्रम के ब्रम्हचारी त्रिलोचन महाराज के सानिध्य में आगामी 6 से 12 फरवरी तक गोस्वामी तुलसीदास की 11वीं पीढ़ी के संत मानस राम कथा का वाचन करेंगे। इससे पूर्व चार एवं पांच फरवरी को मानस के व्याख्याकार संगोष्ठी में मानस पर चर्चा करेंगे।

### पूर्व गृहमंत्री के करीबी ने दिया इस्तीफा

**डोंगरगढ़।** बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के ट्रस्टी और कांग्रेस के पूर्व



ब्लाक अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू को भेजे पत्र में श्री श्रीवास्तव ने बताया कि पार्टी में ऐसे कुछ लोग हैं जो कार्यकर्ताओं से दुर्भावना पूर्वक व्यवहार कर रहे हैं। इन लोगों ने मुझे प्रत्याशी बनाने से दुर्भावना पूर्वक रोका गया। उन्होंने बताया कि 2019 में तत्कालीन ब्लॉक अध्यक्ष संजीव गोमास्ता को वार्ड 17 से प्रत्याशी बनाने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को अंधेरे में रखकर बी फार्म में कांट छांट कर प्रत्याशी बदल दिया गया था। सक्रिय कार्यकर्ताओं की निरंतर उपेक्षा के कारण श्री श्रीवास्तव ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया है।

### घोटिया मड़ई आज

**डोंगरगढ़।** समीपस्थ ग्राम घोटिया में कल 2 फरवरी को मंडई मेला का आयोजन ग्रामवासियों के सहयोग से रखा गया है। रात्रि में ग्रामवासियों के मनोरंजन के लिए रंगरसिया छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी लखनपुरी का कार्यक्रम होगा। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से उपस्थित होने की अपील की है।

### शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा

**डोंगरगढ़।** बुधवारी पारा के वासियों ने शिव मंदिर निर्माण कर शिवलिंग



स्थापित किया है। गत 31 जनवरी को रूद्राभिषेक के साथ पूजा अर्चना कर प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा किया गया। प्रगति मंडल गणेश उत्सव समिति एवं वार्ड के लोगों ने आयोजन में सहभागिता निभाया। इसी कड़ी में बुधवार को कलश यात्रा निकाली गई। गुरूवार को मंदिर पुजन, वेदी पुजन किया गया। प्राण प्रतिष्ठा के बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया।

### गोंडी भाषा पखवाड़ा आज से

**छुईखदान।** विलुप्त हो रही भाषा के संरक्षण संवर्धन के प्रति जागरूकता लाने कल 2 से 15 फरवरी तक गोंडी पखवाड़ा मनाया जाएगा। इसे लेकर




लोगो में उल्लास का महौल है। इस दौरान गोण्डी भाषा के महत्व के साथ बोलचाल में लाने की रूपरेखा तैयार किया गया है। अंचल के सियानों ने बताया कि वनांचल में रेला, करमा, गोंडवानी, हुलकी, बिहाव गीत व विभिन्न पारंपरिक गीत गोंडी में गाए जाते है। इस गोंडी पखवाड़ा के माध्यम से गोंडी भाषा के संरक्षण की पहल सराहनीय है। सामाजिक कार्यकर्ता किसन मंडावी द्वारा गोंडी भाषा को बोलचाल मे लाने की प्रयास में अपने घर, गली, मोहल्ला, गांव से प्रारंभ कर अपने दैनिक जीवन से जुड़े शब्दावली समझने प्रेरित किया। इस मौके पर संतकुमार मेरावी, किसन मंडावी, लखन नेताम, तुलसी मेरावी, शत्रोहन नेताम, बिसंभर नेताम, कृपाराम मेरावी, प्रह्लाद ध्रुवे, लतमार नेताम, नरेंद्र ध्रवे, गणेश नेताम, रामचंद मेरावी, चंदू मेरावी आदि उपस्थित थे।

---

## भाजपा-कांग्रेस ने जारी किया जनपद उम्मीदवारों की सूची

# गांव का मुखिया बनने के लिए मची होड़

**नामांकन दाखिला सोमवार तक, फिर बढ़ेगी चुनावी गतिविधियां**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने दो दिन शेष है। आगामी 3 फरवरी तक जिला, जनपद, सरपंच तथा पंच पद के लिए नाम निर्देशन फार्म जमा होंगे। भाजपा ने जिला व जनपद सदस्य के लिए अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दिया है। वहीं कांग्रेस ने अब सूची जारी नहीं किया है।

जिला पंचायत के क्षेत्र क्रमांक एक में निर्विरोध प्रतिनिधि चुने जाने की संभावना हैं। यह क्षेत्र अनुसुचित जनजाति महिला के लिए आरक्षित है। आदिवासी समाज लगातार बैठक कर किसी एक को उम्मीदवार बनाने की तैयारी में है। कल रविवार तक समाज का फैसला सामने सकता है। समाज में एक राय नहीं बनी तो सोमवार को भाजपा कांग्रेस के उम्मीदवार नामांकन दाखिल कर सकते हैं।



### जिला पंचायत की सूची जारी

जानकारी के अनुसार क्षेत्र क्रमांक 2 पैलीमेटा में भाजपा ने परमेश्वरी सिन्हा को उम्मीदवार बनाया है। क्षेत्र क्रमांक 3 कटंगी में प्रियंका खम्हन ताम्रकार को दोबारा उम्मीदवार बनाया है। उनका मुकाबला कांग्रेस की जनपद सदस्य कविता अशोक जंघेल से होगा। क्षेत्र क्रमांक 4 भुरभुसी में विक्रांत सिंह और कांग्रेस के शत्रुघन मन्नु चंदेल के मध्य आमने सामने का मुकाबला है। क्षेत्र क्रमांक 5 में भाजपा से ललित चोपड़ा की उम्मीदवारी तय किया है।

### पंचायत मुखिया बनने घमासान

ग्राम पंचायतों में मुखिया बनने उम्मीदवार कतार लगाकर नामांकन दाखिल कर रहे हैं। आरक्षण के अनुसार कहीं दो चार तो कहीं आधा दर्जन से अधिक लोग नामांकन दाखिल करने आ रहे हैं। ब्लाक के 22 कलस्टर में नामांकन के शेष दिनों में भीड़ बढ़ने लगी है। सरपंच के अलावा पंच के लिए लोग नामांकन दाखिल करने पहुंच रहे हैं।

### भाजपा- कांग्रेस ने उतारे प्रत्याशी

जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत छुईखदान के लिए भाजपा- कांग्रेस ने कुछ उम्मीदवारों की सूची जारी कर दिया है। क्षेत्र क्रमांक 1 नचनिया में कांग्रेस ने नंदकुमारी धुर्वे, क्षेत्र क्रमांक 2 रामपुर में भाजपा ने नीलम यादव, कांग्रेस ने रीना यदु, क्षेत्र क्रमांक 3 खादी में भाजपा ने मीना पटेल, कांग्रेस ने विष्णु सुखी पटेल, क्षेत्र क्रमांक 4 गेरूखदान में कांग्रेस ने जानकी गोवर्धन मेरावी को उम्मीदवार बनाया है। क्षेत्र क्रमांक 5 दरबान टोला में कांग्रेस ने धर्मेन्द्र मंडावी, क्षेत्र क्रमांक 6 ठाकुरटोला में भाजपा ने संतन साहू, कांग्रेस ने प्रेमलाल साहू, क्षेत्र क्रमांक 7 जीराटोला में भाजपा ने संगीता जंघेल, कांग्रेस ने पदमा भानुप्रताप जंघेल, क्षेत्र क्रमांक 8 दुल्लापुर में भाजपा ने सेतलाल पटेल, कांग्रेस ने रिखीराम पटेल, क्षेत्र क्रमांक 9 कृतबांस में कांग्रेस ने नीना विनोद ताम्रकार, क्षेत्र क्रमांक 10 नादिया में भाजपा ने सरिता पटेल, कांग्रेस ने रानू केशव पटेल, क्षेत्र क्रमांक 12 पथर्रा में भाजपा ने राजू जंघेल, कांग्रेस ने संजूसिंह चंदेल, क्षेत्र क्रमांक 13 हनईबन में भाजपा ने अमरसिंह साहू, क्षेत्र क्रमांक 14 उदान में भाजपा ने सुधीर गोलछा, क्षेत्र क्रमांक 15 समुन्दपानी में कांग्रेस ने रामबती रोहित धुर्वे, क्षेत्र क्रमांक 16 बीरूटोला में कांग्रेस ने दामनी विकेश धुर्वे, क्षेत्र क्रमांक 17 गर्रा में भाजपा ने संतोषी जोशी, कांग्रेस ने शारदा जीवन चेलक, क्षेत्र क्रमांक 18 खैरा नवापारा में भाजपा ने डोमारसिंह, कांग्रेस ने लिखन वर्मा, क्षेत्र क्रमांक 19 कानीमेरा में भाजपा ने सरिता साहू, कांग्रेस ने प्रेमिन रोहित चंदेल, क्षेत्र क्रमांक 20 झुरानदी में भाजपा ने लता वर्मा, कांग्रेस ने होमेश्वरी वैष्णव, क्षेत्र क्रमांक 21 विचारपुर में भाजपा ने सुमरित जंघेल, कांग्रेस ने प्रेमलता पटेल, क्षेत्र क्रमांक 22 पद्मावतीपुर में भाजपा ने पुष्पा वर्मा, कांग्रेस ने बबिता देवांगन, क्षेत्र क्रमांक 23 खैरी में भाजपा ने चन्द्रकला सिंह, कांग्रेस ने लक्ष्मी साहू, क्षेत्र क्रमांक 24 बोराई में भाजपा ने पूरन जंघेल, क्षेत्र क्रमांक 25 पंड़रिया में कांग्रेस ने राकेश जंघेल को उम्मीदवार बनाया है।

---

## ईपीएफ राशि जमा करने में अनियमितता

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

■ कर्मियों के वेतन से काटा जा रहा राशि

नगर पंचायत गंडई ने प्लेसमेंट कर्मचारियों के ईपीएफ खाते में 10-12 महीने से राशि जमा नहीं किया है। राशि जमा नहीं होने से श्रमिकों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। श्रमिकों ने बताया कि उनके वेतन से हर माह ईपीएफ राशि काटी जाती है, लेकिन उनके खातों में जमा नहीं किया जाता है। इस संबंध में उन्होंने पूर्व सीएमओ से कई बार शिकायत किया, लेकिन आश्वासन के बावजूद अब तक राशि जमा करने की पहल नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि उन्हें पिछले 20 वर्षों से न्यूनतम मासिक वेतन मिल रहा है। महंगाई के दौर में कम वेतन मिलने से परिवार का पालन-पोषण करना मुश्किल हो रहा है। कर्मचारी संघ गंडई के अध्यक्ष नवीन नामदेव ने बताया कि कलेक्टर द्वारा समय-समय पर महंगाई को देखते हुए कलेक्टर दर की एरियस राशि जारी किया जाता है, लेकिन उन्हें कई वर्षों से एरियस राशि भी नहीं मिली है। उन्होंने इन सभी समस्याओं के अलावा ठेका प्रथा समाप्त करने की मांग की है।

## नॉर्मल प्रसव के बाद महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

■ परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

प्रसव के लिए भर्ती पिपरिता निवासी शालिनी देवी कंवर पति बिरझूराम कंवर की अधिक रक्तस्त्राव होने के कारण मौत हो गई। बिरझू कंवर अपनी पत्नी को लेकर 27 जनवरी को मुरमुंदा पहुंचा था। चिकित्सक ने जांच करने के उपरांत उसे यह करते हुए भर्ती कर लिया कि प्रसव होने में समय है। अपरान्ह 3 बजे नॉर्मल डिलीवरी से महिला ने स्वस्थ कन्या को जन्म दिया किंतु ब्लडिंग थमने का नाम नहीं ले रही थी। शाम 4 बजे तक खून बहना बंद नहीं होने के बाद उसकी स्थिति बिगड़ने लगी तब उसे डोंगरगढ़ रेफर किया




गया। गाड़ी नहीं मिलने के कारण उसे लगभग 5 बजे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। भर्ती करने के आधे घंटे बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### पर्याप्त उपचार किया गया

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुरमुंदा के डॉ लिमेश ने बताया कि 3.25 बजे डिलीवरी हुई थी। महिला को 4.30 बजे रेफर किया गया। 108 एवं 102 की सुविधा उपलब्ध है किंतु गाड़ी नहीं मिलने के कारण एंबुलेंस से डोंगरगढ़ भेजा गया। डिलीवरी के बाद खून बंद करने इंजेक्शन लगाया गया था, किन्तु स्थिति नहीं संभलने पर रेफर किया गया। महिला की मौत के बाद रोष को देखते हुए पुलिस की मौजूदगी में मृतक का पोस्टमार्टम किया गया। परिजनों और ग्रामीणों ने घटना पर नाराजगी जताते हुए प्रकरण की जांच तथा दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

---

## 12 हजार वोटर चुनेंगे अध्यक्ष और पार्षद

■ मतदान की तैयारी में जुटा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

निकाय चुनाव के तहत आगामी 11 फ़रवरी को मतदान होगा। शहर के 11 हजार 942 महिला पुरुष मतदान कर नए अध्यक्ष और पार्षदों का चयन करेंगे। मतदान 15 केन्द्रो में संपन्न होगा।

जानकारी के अनुसार शहर के वार्ड 1 के 442 पुरुष, 475 महिलाए बीटीआई भवन के कक्ष क्र 1, वार्ड दो के 966 मतदाता बीटीआई भवन के कक्ष क्र 2, वार्ड तीन के 625 वोटर बीटीआई भवन के कक्ष क्र 3, वार्ड चार के 557 बालक प्राथमिक शाला भवन, वार्ड 5 के 939 मतदाता स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम शाला के कक्ष क्र 1, वार्ड 6 के 604 वोटर प्राथमिक शाला भवन सेवताटोला के कक्ष क्र 1, वार्ड सात के 622 मतदाता बालक पूर्व माध्यमिक शाला भवन कालेज रोड के कक्ष क्र 1, वार्ड आठ के 974 मतदाता प्राथमिक शाला भवन सेवताटोला के कक्ष क्र 2, वार्ड 9 के 705 मतदाता प्राथमिक शाला भवन करियाटोला, वार्ड 10 के 999 मतदाता बालक पूर्व माध्यमिक शाला भवन कालेज रोड के कक्ष क्र दो, वार्ड 11 के 915 मतदाता स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम शाला भवन के कक्ष क्र 2, वार्ड 12 के 909 मतदामा प्राथमिक शाला भवन बोधीटोला साकेतधाम, वार्ड 13 के 769 मतदाता प्राथमिक शाला भवन मटिया और वार्ड 15 के 814 मतदाता स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम शाला के कक्ष क्र. 3 में मतदान करेंगे।

### जनपद सदस्य बनने 34 ने मांगा टिकट

**डोंगरगढ़।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत जनपद पंचायत के 25 सदस्यों के लिए 34 लोगों ने कांग्रेस की ओर से दावेदारी किया है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र क्रं. 1 कोठीटोला से पुर्णाबाई मंडावी, क्षेत्र क्रं. 2 चारभाठा से रामदास चंद्रवंशी, रोहित चंद्रवंशी, क्षेत्र क्रं. 3 बागरेकसा से भोजलाल मंडावी, क्षेत्र क्रं. 4 मडियान से जमरबाई कंवर, क्षेत्र क्रं. 5 सेंदरी से दिलीप वर्मा, चित्र कुमार साहू, वीरेन्द्र सिन्हा, क्षेत्र क्रं. 6 रामाटोला से महेश सेन, पुष्पा वर्मा, चातक देवांगन, क्षेत्र क्रं. 7 मोतीपुर से उर्वशी, क्षेत्र क्रं. 8 मेढ़ा से प्रीति वैष्णव, क्षेत्र क्रं. 9 कोल्हापुरी से मंजु वर्मा, क्षेत्र क्रं. 10 बोरतलाव से अशोक ठाकुर, क्षेत्र क्रं. 11 बरनारा कला से हितेश्वरी गोंड, क्षेत्र क्रं. 12 बरनाराकला से जेठू चंद्रवंशी, क्षेत्र क्रं. 13 अछोली से त्रिवेणी, क्षेत्र क्रं. 14 राका से निर्मलदास साहु, क्षेत्र क्रं. 15 पिपरिया से नरेन्द्र वर्मा, क्षेत्र क्रं. 16 मुडपार से सरिता वर्मा, क्षेत्र क्रं. 17 मुसराकला से लक्ष्मीबाई साहू, क्षेत्र क्रं. 18 भानपुरी से सरिताबाई धुर्वे, क्षेत्र क्रं. 19 कलकसा से अहिल्याबाई कंवर, क्षेत्र क्रं. 20 बिजानापुर से पल्टुराम लहरे, सालिकराम मरकाम, क्षेत्र क्रं. 21 रिवागहन से पार्वतीबाई चंदेल, क्षेत्र क्रं. 22 मोहारा से हेमिन भारती, दीपक पाटिला, क्षेत्र क्रं. 23 से मनोज सिन्हा, गुलशन लिल्हारे, क्षेत्र क्रं. 24 सेम्हरा से मनहरण सिन्हा, क्षेत्र क्रं. 25 अनिता साहू ने दावेदारी किया है।

### महेन्द्र ने दाखिल किया पर्चा




**तुमड़ीबोड़।** जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 7 तुमड़ीबोड़ से जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र यादव ने शनिवार को जिला कार्यालय पहुंचकर नामांकन दाखिल किया। उन्होंने नामांकन दाखिल करने के पहले दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर जाकर दर्शन किया। उल्लेखनीय है कि श्री यादव अब तक दो बार जिला पंचायत में क्षेत्र का नेतृत्व कर चुके हैं। नामांकन दाखिले के दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी और समर्थक मौजूद थे।

## वार्षिक महोत्सव का आयोजन




**टेडेसरा।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में गत दिनों वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रबंधन समिति के आरपी द्विवेदी, अनिल साहू, खिलेश्वर साहू, रामविलास साहू, डोमन देशमुख, संध्या पांडे, सिया सैनी, जमुना साहू, सुशीला साहू शामिल हुए। इस मौके पर बच्चों ने लोक संस्कृति पर आधारित नृत्य, नाटक आदि प्रस्तुत किया। इस दौरान प्रभारी प्राचार्य जयंत, बलदेव साहू, रेमन देशमुख, गोपी देशमुख, रोहित चंद्राकर, मंडल भाजपा अध्यक्ष मनोज साहू उपस्थित थे। पूर्व छात्र दुष्यंत देशमुख, पूर्व आचार्य राकेश्वरी मंडावी आदि ने सहयोग दिया। संचालन मीरा ने किया। इस मौके पर मोनिता साहू, मेनका निषाद, तिरंजा बिसेन, प्रेमा गंजीर, रूपा साहू, तिलोका यादव, प्रेमलता साहू, दुर्गेश्वरी यादव, डाकेश्वरी साहू, केशर वैष्णव, प्राचार्य धनीराम यादव मौजूद थे।

**पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

---

### कृषि महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा पर कार्यक्रम

# यातायात नियमों का करें पालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

रानी अवंती बाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र छुईखदान में राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह के तहत सडक सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन अधिष्ठाता के मार्गदर्शन में रासेयो ने किया। कार्यक्रम के तहत प्राध्यापक डॉ. बीएस असाटी ने यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाने तथा उपयुक्त सामग्री का उपयोग करने की सलाह विद्यार्थियों को दी। सहायक प्राध्यापक डॉ. पंकज भार्गव ने नियंत्रित गति से वाहन चलाते हुए यातायात संबंधित साइन बोर्ड में दर्शित नियमों का पालन करने कहा। सहायक प्राध्यापक डॉ. ओमप्रकाश सोनवानी एवं डॉ. एसए ढेंगे ने ड्रायविंग लायसेंस एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी।



### नुकक्ड़ नाटक का मंचन

इस दौरान यातायात के नियमों से संबंधित विडियो तथा नुक्कड नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों को नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई। संचालन डॉ. अरविन्द कुमार नंदनवार और समापन डॉ. दीपिका देवदास ने किया। इस दौरान कोमल गांवरे, डॉ. रायसेन पाल, सुनील मधुकर, जलेश्वरी कंवर आदि उपस्थित थे।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय

श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# भाजपा ने की जनपद सदस्य के अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मंडल व जिला चयन समिति की अनुशंसा और प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति बाद जिला चुनाव प्रभारी घम्मन साहू व जिला भाजपाध्यक्ष डॉ बिसेसर साहू ने जिला पंचायत के बाद अब खैरागढ़-छुईखदान जनपद पंचायत के लिए भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। जारी सूची में सामाजिक संतुलन को देखते हुए पुराने व अनुभवी चेहरों के साथ ही नए चेहरों को मैदान में उतारा गया है। खैरागढ़ जनपद के 25 मे से 20 क्षेत्रों के लिए अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा हुई है जिसमें पूर्व जनपद अध्यक्ष उमाबाई सिन्हा, पूर्व जनपद सदस्य लखनलाल साहू, शैलेन्द्र मिश्रा, पूर्व जनपद सदस्य डॉ शैलेंद्र त्रिपाठी की धर्मपत्नि डॉ राजे श्री त्रिपाठी को प्रत्याशी घोषित किया है वही छुईखदान जनपद में जिला महामंत्री पूरन जंघेल, महेंद्र यादव, सुधीर गोलछा पर पार्टी ने भरोसा जताया है।




## भरतपुर जनपद क्षेत्र से मंजू ध्रुर्वे

जनपद पंचायत खैरागढ़ मे क्षेत्र क्रमांक भरतपुर 1 अजजा महिला से पूर्व जनपद सदस्य मंजू धुर्वे, 2 चिचका अनारक्षित महिला से डॉ राजेश्री त्रिपाठी, 3 गातापार जंगल अजजा मुक्त से द्रुपद कंवर, 4 बैगाटोला अपिव महिला से महेश्वरी वर्मा, 5 मुढ़ीपार अपिव मुक्त से पुरूषोत्तम साहू, 6 जूरलाकला अपिव मुक्त से गोपाल साहू, 7 भंडारपुर अपिव महिला से पूर्व जनपद अध्यक्ष उमाबाई सिंहा, 8 टोलागांव अनारक्षित महिला से मीरा वर्मा, 9 चारभाठा अनारक्षित मुक्त से भूपेंद्र सिंह, 10 सिंगारपुर अजा महिला से सविता जांगड़े, 11 विक्रमपुर अनारक्षित मुक्त से डोमन वर्मा, 12 कुलीकसा अपिव महिला से सुनीता गिरिया, 13 अकरजन अनारक्षित मुक्त से पूर्व जनपद सदस्य शैलेंद्र देवदत्त मिश्रा, 14 पांडादाह अपिव महिला से सरस्वती यद्, 16 दपका अनारक्षित मुक्त से लखनलाल साहू, 17 टेकापारकला अजा महिला से राजेश्वरी कोसरे, 20 राहुद अनारक्षित महिला से पूर्व जनपद सदस्य महेंद्र निषाद की पत्नि रजनी निषाद, 21 बाजार अतरिया अनारक्षित महिला से दीक्षा गुप्ता, 22 जोरातराई अनारक्षित महिला से सुरेखा गणेश वर्मा और 25 पाण्डुका अनारक्षित मुक्त से कोमल वर्मा को अधिकृत किया है। जबकि 15 झीकादाह अनारक्षित महिला, 18 सोनपुरी अनारक्षित महिला, 19 खजरी अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त, 23 शेरगढ़ अनुसूचित जाति मुक्त और 24 रेंगाकठेरा अनारक्षित मुक्त मे प्रत्यशी चयन को लेकर मंथन जारी है।

## रामपुर से नीलम महेन्द्र यादव

छुईखदान जनपद पंचायत क्षेत्र मे 2 रामपुर अपिव महिला से नीलम महेंद्र यादव, 3 खादी अनारक्षित महिला से मीनाबाई पटेल, 6 ठाकुर टोला अनारक्षित मुक्त से संतन साहू, 7 जीराटोला अनारक्षित महिला से संगीता जंघेल, 8 दुल्लापुर अनारक्षित मुक्त से सेतलाल पटेल, 10 नादिया अनारक्षित महिला से सरिता पटेल, 12 पथर्रा अनारक्षित मुक्त से राजू जंघेल, 13 हनईबन अनारक्षित मुक्त से अमरसिंह साहू, 14 उदान अनारक्षित मुक्त से सुधीर गोलछा, 17 गर्रा अजा महिला से संतोषी जोशी, 18 खैरा नवापारा अपिव मुक्त से डोमार सिंह दद्दू, 19 कानीमेरा अपिव महिला से सरिता कमलेश साहू, 20 झूरानदी अपिव महिला से लता वर्मा, 21 विचारपुर अनारक्षित महिला से समरित उत्तम जंघेल, 22 पद्मावतीपुर अनारक्षित महिला से पुष्पा प्रकाश वर्मा, 23 खैरी अनारक्षित महिला से चंद्रकला सिंह और 24 बोरई अपिव मुक्त से पूरन जंघेल को अधिकृत किया है। जबकि क्षेत्र क्रमांक 1 नचनिया अजजा महिला, 4 गेरूखदान अजजा मुक्त, 5 दरबान टोला अजजा मुक्त, 9 कृतबांस अनारक्षित महिला, 11 पेंडरवानी अजा मुक्त, 15 समुंदपानी अजजा महिला, 16 बीरूटोला अजजा महिला और 25 पंडरिया अनारक्षित मुक्त में प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया जारी है।

# जिला पंचायत के लिए शताक्षी को मैदान में उतारने समर्थकों ने कसी कमर

- जिपं क्षेत्र क्रमांक 9 से कांग्रेस पार्टी से अधिकृत करने की मांग, अधिकृत नहीं करने पर निर्दलीय लड़ने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राजा देवव्रत सिंह की सुपुत्री शताक्षी सिंह को जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9 से चुनाव लड़ाने समर्थकों ने कमर कस ली है। शुक्रवार शाम आयोजित बैठक में सभी ने एक स्वर में कहा कि यदि मांगने के बाद भी कांग्रेस उन्हें टिकट से वंचित करती है तो निर्दलीय चुनाव लड़कर जीतेंगे।

बैठक बाद कार्यकर्ताओं को हुजूम रेस्ट हाऊस पहुँचा जहां उन्होंने विधायक यशोदा वर्मा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मोतीलाल जंघेल सहित चयन समिति के सभी सदस्यों से शताक्षी सिंह की दावेदारी को मजबूत मानते हुए अधिकृत करने की मांग की, लेकिन चयन समिति के सदस्यों द्वारा सकारातमक जवाब नही मिलने से नाराज समर्थकों ने एक स्वर में कहा कि कांग्रेस और अभी उसमे ऊंचे ओहदे में काबिज नेता इस बात को भूल सकते है कि राजा देवव्रत सिंह की वजह से अभी वो कुर्सी पर बैठे है। नाराज समर्थकों ने पूर्व सांसद व विधायक देवव्रत सिंह सहित उनके पूरे परिवार की कांग्रेस के प्रति निष्ठा और विचारधारा को देखते हुए शताक्षी को टिकट देने की मांग पहले अनुरोध के तौर पर की, लेकिन सकारात्मक जवाब नही मिलने से उन्होंने सीधे तौर पर कहा कि अब मुकाबला चुनाव मैदान मे होगा।

## रियासत की राजनैतिक परंपरा संभालने तैयार है शताक्षी

विधानसभा क्षेत्र सहित अविभाजित राजनांदगांव जिले की राजनीति में सालों धमक रखने वाले राजपरिवार की बिटिया राजकुमारी शताक्षी सिंह ने खानदान की राजनैतिक विरासत को संभालने कदम आगे बढ़ाया है। जालबांधा क्षेत्र क्रमांक 9 अनारक्षित वर्ग से बतौर कांग्रेस प्रत्याशी जिपं सदस्य के लिए आवेदन जमा कर उन्होंने यह प्रमाणित भी दिया है कि दो साल से रिक्त कमल विलास पैलेस की राजनैतिक शून्यता को दुबारा भरने वो पूरी तरह से तैयार है। राजा देवव्रत सिंह के राजनैतिक जीवन की शुरूआत से जुड़े लोग उनके साथ है जिनका कहना है कि परिवार की राजनैतिक विरासत संभालने के लिए तैयार शताक्षी में उनकी दादी रानी रश्मिदेवी सिंह की सहजता, सौम्यता और मर्यादा की छवि है जिसके चलते लोग उनके निधन के सालों बाद भी देवव्रत सिंह से ज्यादा उन्हें याद रखे हुए है। पिता के साथ सबसे ज्यादा करीब रहने के कारण शताक्षी का आम लोगों से मिलना जुलना लगातार होता रहा है। इलाके के छोटे बड़े लोगों से उनकी सीधी बातचीत और मेलजोल होती रही है।

## भावुक हुई शताक्षी तो भड़के समर्थक

बैठक बाद चयन समिति सदस्यों से चर्चा के दौरान जातिगत समीकरण के चलते अधिकृत करने मे असमर्थता जाहिर करने और बड़े नेताओं से संपर्क करने की बात पर शताक्षी सिंह ने यही कहा कि पिता के रहते जो परिस्थितियॉ थी वो आज नही है इसलिए आप सभी ही उनके परिवार और गार्जियन है। शताक्षी सिंह की इस बात के बाद भी जातिगत समीकरण के चलते असमर्थता का हवाला देने के कारण समर्थक नाराज हो गए। चयन समिति सदस्यों को खरीखोटी सुनाते हुए कहा कि शताक्षी चुनाव लड़ेगी। सोमवार को सलोनी में सभा होगी जिसके बाद नामांकन दाखिला किया जाएगा।

# निर्दलीय प्रत्याशियों से बढ़ी दलों की परेशानी

- निर्दलीय प्रत्याशी कांग्रेस भाजपा को दे रहे चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नगर पालिका नगरीय चुनाव के 24 वार्ड सहित अध्यक्ष पद के भाजपा-कांग्रेस सहित 4 निर्दलीय प्रत्याशियों ने मैदान में उतरकर अपनी दावेदारी तेज की है। जिसमें भाजपा-कांग्रेस से नाराज लोग मैदान में उतरकर अपनी ही पार्टी को चुनौती दी है। शहर के 24 वार्डों के लिए भाजपा-कांग्रेस सहित 28 लोगों को मिलाकर 74 लोग मैदान में उतरे हैं। वार्ड नं. 2 से एक, वार्ड नं. 3 से 5, वार्ड नं. 4 से 1, वार्ड नं. 5 से 4, वार्ड नं. 6 से 1, वार्ड नं. 8 से 6, वार्ड नं. 11 से 1, वार्ड नं. 13 से 2, वार्ड नं. 14 से 1, वार्ड नं. 16 से 1, वार्ड नं. 17 से 1, वार्ड नं. 18 से 1, वार्ड नं. 19 से 1, वार्ड नं. 21 से 1 व वार्ड नं. 22 से 1 निर्दलीय लोगों ने दावेदारी की है।

सर्वाधिक निर्दलीय लोगों की संख्या वार्ड नं. 8 में है। जिसमें 6 निर्दलीय प्रत्याशी लड़ रहे। जिसके बाद वार्ड नं. 5 में 4 व वार्ड नं. 13 में 2 प्रत्याशी निर्दलीय हैं। 11 वार्डों में 1 अन्य प्रत्याशी ही मैदान में हैं। जबकि 10 वार्डों में भाजपा एवं कांग्रेस की सीधी लड़ाई है।

फार्म वापसी के बाद मैदान में खड़े प्रत्याशियों की सूची जारी होने के बाद आज से वार्डों में चुनाव प्रचार का तामझाम भी शुरू हुआ है। वार्डों में दीवार लेखन, बैनर-पोस्टर की बौछार के साथ ही प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत के लिए मतदाताओं से डोर-टू-डोर संपर्क कर आशीर्वाद मांगने निकल गए हैं। माना जा रहा है कि इस बार नगर पालिका चुनाव में भाजपा-कांग्रेस प्रत्याशियों को कुछ निर्दलीय प्रत्याशी भी टक्कर देने में लगे हैं।

## जागृति ने दूसरी बार भरा पर्चा

**डोंगरगांव**। जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 6 आसरा से चुनाव लड़ने के लिए जिला पंचायत सदस्य जागृति चुन्नी यदु ने नामांकन दाखिल किया है। भाजपा ने दूसरी बार उन पर भरोसा जताते उम्मीदवार बनाया हैं। नामांकन दाखिले के दौरान जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, भाजपा नेता चुन्नी यदु सहित अन्य बड़ी संख्या मे मौजूद थे।




## किसानों को उचित दाम पर मिले यूरिया

**डोंगरगांव**। आम आदमी पार्टी के सदस्य एवं अधिवक्ता ओमप्रकाश पाठक ने राज्य सरकार से किसानों को उचित कीमत पर यूरिया उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में सोसाइटियों में यूरिया 266.67 रूपए में दिया जा रहा हैं जबकि दुकानों में यूरिया 400 रूपए की दर पर बिक रही है। यूरिया की कीमत में 133 रूपए प्रति बोरी का अंतर है। उन्होंने आरोप लगाया कि यूरिया के नाम पर दुकानदार किसानों को लूट रहे हैं इसके बाद भी कृषि विभाग के अधिकारी मौन हैं। उन्होंने किसानो को समान कीमत पर यूरिया मुहैया कराने के लिए आवश्यक पहल करने की मांग राज्य सरकार से किया है।








## सार समाचार

### रमेश पटेल बने मुख्य चुनाव अभिकर्ता

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी के महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव ने पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश पटेल को चुनावी कार्यों का महत्वपूर्ण दायित्व देते उन्हें अपना मुख्य चुनाव अभिकर्ता नियुक्त किया है। भाजपा मीडिया सेल के अनुसार इसी प्रकार आयकर अधिवक्ता संजय लोहिया को भी व्यय निरीक्षक की जिम्मेदारी दी गई है।

### कॉन्फ्लूएंस को मिला एनएएसी निरीक्षण में बी ग्रेड

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लूएंस कॉलेज शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी एवं उत्कृष्ट कार्य कर रही है। पहली बार एनएएसी पीयर टीम का निरीक्षण महाविद्यालय



में किया गया है। जिसमें पहले प्रयास में ही महाविद्यालय ने इतनी बड़ी सफलता हासिल करते बी ग्रेड हासिल किया। महाविद्यालय को बी ग्रेड प्राप्त होने पर महाविद्यालय के संचालक डॉ. मनीष जैन, संजय अग्रवाल एवं आशीष अग्रवाल ने बधाई दी और कॉलेज प्राचार्य एवं प्राध्यापकों को प्रोत्साहित करते उनका उत्साहवर्धन किया। महाविद्यालय में दो दिवसीय एनएएसी निरीक्षण में एनएएसी पीयर टीम ने महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों, प्रकोष्ठों एवं कार्यविधियों का निरीक्षण करते विभिन्न प्रकार के सलाह एवं सुझाव दिए।

### पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ आज

**राजनांदगांव।** बसंत पंचमी अवसर पर स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ में आचार्य श्रीराम शर्मा का आध्यात्मिक जन्मदिन वैदिक आनुष्ठानिक आयोजन के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर शक्तिपीठ में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया है। इसके एक दिन पहले 1 फरवरी को सुबह 6 बजे से अखंड जाप कार्यक्रम आयोजित रही। कल 2 फरवरी को बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर पूज्य गुरुदेव श्रीराम शर्मा आचार्य का आध्यात्मिक जन्मदिन सुबह 9.30 बजे पर्व पूजन सहित पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम कर मनाया जाएगा।

### झारिया समाज का परिचय सम्मेलन आज

**राजनांदगांव।** झारिया समाज संगठन राजनांदगांव द्वारा कल 2 फरवरी को सुबह 10 बजे से पारिवारिक, सामाजिक परिचय सम्मेलन का आयोजन परमेश्वरी भवन दीनदयाल कॉलोनी चिखली राजनांदगांव में रखा गया है। संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष विजय मेहरा ने उपरोक्त समय में सामाजिक परिचय सम्मेलन में समाज के लोगों को उपस्थित होने की अपील की है।

### अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने शहीद दिवस पर गुरुवार को कलेक्टोरेट परिसर में स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों को मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं कलेक्टोरेट के अधिकारी-कर्मचारियों ने देश के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, संयुक्त कलेक्टर शीतल बंसल, संयुक्त कलेक्टर सरस्वती बंजारे सहित कलेक्टोरेट के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आरटीओ अधिकारी ने ट्रक चालक से की मारपीट

**चिचोला।** नेशनल हाईवे पाटेकोहरा में पदस्थ आरटीओ अधिकारी सिविल ड्रेस में घूमते हुए एक ट्रक चालक से जमकर मारपीट कर दी। इस मामले ने इतना तूल पकड़ा कि ट्रक चालकों ने आक्रोशित होकर मौके पर चक्काजाम कर दिया। यह स्थिति लगभग 3 घंटे निर्मित रही। मशक्कत बाद पुलिस ने मामले को सामान्य किया। प्राप्त जानकारी अनुसार शनिवार की देर शाम चिचोला थाना क्षेत्रांतर्गत नेशनल हाईवे पाटेकोहरा के पास एक आरटीओ अधिकारी जो सिविल ड्रेस में घूम रहा था उससे ट्रक चालक की किसी बात पर तू-तू मैं-मैं हो गई।

# आधी रात बाउंड्रीवॉल तोड़ने का मामला, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के रिद्धी-सिद्धी कॉलोनी रोड निवासी 8 परिवारों के जमीन की बाउंड्रीवॉल तोड़े जाने के मामले को लेकर पीड़ितों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते इस मामले में कार्रवाई की मांग की है।

आठ परिवारों के बुजुर्गों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते कहा है कि श्रीमती रश्मि पांडे, श्रीमती नीराबाई साहू, स्वर्गीय दवनलाल कटरे, श्रीमती सुलोचना गनवीर, रमेश प्रसाद शुक्ला, सविता डे, महेश खोब्रागढ़े की बाउंड्रीवॉल तोड़ी गई है।

27-28 जनवरी की आधी रात 1.30 बजे रोहित जैन द्वारा जेसीबी चलवाकर बाउंड्रीवाल तोड़ा गया है। मामले की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने मुस्तादी से काम करते 28 जनवरी की शाम जेसीबी को जब्त कर लिया था और रोहित जैन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया गया था। प्रेस कॉन्फ्रेंस में शशिकांत गनवीर ने




बताया कि आठों खरीददारों द्वारा यह बाउंड्रीवाल उस चौहद्दी की निशानदेही के लिए बनवाए गए थे, जो उन्हें सुशीला जैन, अर्चना जैन, संगीता जैन, मनोज जैन एवं इंदरचंद जैन परिवार द्वारा 2002-2003 में बयनामा रजिस्ट्री में दिखाया गया था और मौके पर खूंटा गड़ाकर भूमि का कब्जा सौंपा गया था।

इन आठ लोगों के अलावा ऐसे 30 परिवार और हैं, जिन्हें परेशान किया जा रहा है। उनका सीमांकन नहीं होने दिया जाता है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीड़ितों ने भूमि सीमांकन कराए जाने की मांग की है। वहीं बाउंड्रीवॉल तोड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई करने शासन-प्रशासन से मांग की है।

### राज्य स्तरीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन आज

**राजनांदगांव।** महाराष्ट्रीयन तेली समाज का राज्य स्तरीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन व हल्दी कुमकुम कार्यकम कल रविवार को दोपहर 01 बजे से स्टेशनपारा स्थित सामाजिक भवन परिसर में आयोजित होगा। समाज के अध्यक्ष राजेश समरीत व महिला मंडल अध्यक्ष मंजू बूटले ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम संत संताजी जगनाडे महाराज की पूजा-अर्चना व दीप प्रज्ज्वलित कर किया जाएगा। समाज के कोषाध्यक्ष चंद्रभूषण गायधनी ने समाज के सभी वरिष्ठजन सदस्य, महिला-पुरूष, युवक-युवती से सहपरिवार उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।













हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 2 फरवरी 2025



# भाजपा के पार्षद प्रत्याशी आज निकालेंगे वार्डों में रैली, कांग्रेस ने हर वार्ड में दो युवाओं को सोशल मीडिया कैंपेनिंग में लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नाम वापसी प्रक्रिया के बाद तस्वीर साफ होते ही अब चुनावी पारा चढ़ गया है। प्रमुख राजनीतिक दलों के साथ ही निर्दलियों ने भी प्रचार का आगाज कर दिया है। इधर शक्ति प्रदर्शन करने के लिए भाजपा के सभी पार्षद प्रत्याशी अपने-अपने वार्डों में आज रैली निकालेंगे। वहीं कांग्रेस ने सभी वार्डों में दो दो युवाओं को सोशल मीडिया के जरिए प्रचार की जिम्मेदारी सौंप दी है।

उल्लेखनीय है कि नगरीय निकाय चुनाव को लेकर अब उल्टी गिनती शुरू हो गई है। आगामी 11 फरवरी को शहरी सरकार चुनने के लिए मतदान हो जाएगा। इससे पहले शेष 10 दिनों में मतदाताओं को अपने तरफ करने के लिए प्रत्याशी पूरा दम लगा रहे हैं। आधुनिकता के इस दौर में प्रचार का माध्यम भी बदलता जा रहा है। अब सड़कों में बैनर-पोस्टर की संख्या में कमी आ गई है, बल्कि इसकी जगह डिजिटल प्रचार पर प्रत्याशियों का अधिक फोकस है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपने प्रचार के पोस्टर लोगों तक पहुंचाने के साथ ही वोट देने की अपील का वीडियो भी अपलोड किए जा रहे हैं। दोनों ही दलों ने बकायदा एक टीम को इस काम के लिए तैनात कर दिया है।

## पार्षद प्रत्याशियों के लिए रोजाना के लिए कार्यक्रम जारी कर रही भाजपा, कांग्रेस वाट्सएप से दे रही सूचना

### खास बातें

- प्रत्याशियों ने शुरू किया डोर टू डोर जनसंपर्क
- निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी प्रचार में झोंकी अपनी ताकत
- 9 फरवरी की शाम तक रहेगा शोरगुल



### कांग्रेस ने की हर वार्ड में युवाओं की टीम तैनात

कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी निखिल द्विवेदी ने अपनी तरफ से सभी वार्डों में 10-10 युवाओ को जिम्मेदारी देकर तैनात कर दिया है। यह युवा नेता संबंधित वार्डों में मेयर प्रत्याशी के साथ ही पार्षद चुनाव लड़ने वाले कांग्रेसियो के लिए भी वोट मांग रहे है। इनमें ही दो युवाओ को सोशल मीडिया संभालने की जिम्मेदारी दी गई है। जो रोजाना प्रचार के वीडियो पोस्ट कर रहे है।

### बागी बिगाड़ेंगे दलों का खेल

भाजपा और कांग्रेस से पार्षद टिकट की दावेदारी कर रहे ऐसे नेता जिन्हें टिकट नहीं मिली वे भी अब चुनावी मैदान में उतरकर पार्टियों की दिक्कतें बढ़ा रहे हैं। हालांकि दोनों दलों ने बड़ी संख्या में रूठे हुए नेताओं को मना लिया है, लेकिन उसके बाद भी भाजपा को तीन और कांग्रेस में दस वार्डों में अपनों से ही सामना करना पड़ रहा है। भाजपा में वार्ड क्रमांक 15 में विनोद रजक, 18 में जमुना साहू और 26 में अंजली सिन्हा निर्दलीय रूप से मैदान में हैं। कांग्रेस में वार्ड क्रमांक 2 से सुरेंद्र देवांगन, 4 से बैनाबाई टुरहटे, 5 से पार्वती निषाद, 11 से सिद्धार्थ डोंगरे, 26 से श्यामबती सिन्हा, 27 से जितेश सिमनकर, 28 से शरद कुशवाहा, 33 से शकुर चौहान और सुनीता सिन्हा, 40 से अंजु बंजारे के साथ ही 48 से पुष्पेन्द्र सोनकर निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं।

### प्रभारी बनाए, जिताने की दी जिम्मेदारी

कांग्रेस और भाजपा ने वार्ड प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रभारियों की नियुक्ति भी कर दी है। सीनियर नेताओं को प्रभारी बनाकर चुनाव जीताने की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही रूठे हुए कार्यकर्ताओं को मनाकर चुनावी काम में लगाने का टास्क भी दिया गया है। प्रत्याशियों के साथ ही पार्टी भी अपने संगठन के नेताओं के भरोसे हर मतदाता तक पहुंचने की कवायद में जुट गए हैं।

## खबर संक्षेप

### बगदई में आज से श्रीमद भागवत कथा



**राजनांदगांव।** डोंगरगांव से लगे ग्राम बगदई में ग्रामवासियों के सहयोग से नौ दिवसीय भागवत कथा कल 2 फरवरी से आयोजित है। कथावाचक खैरागढ़ के विजय कृष्ण तिवारी होंगे। कथा का समय दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक रखा गया है। कथा के परायणकर्ता छुईखदान वाले पं. कुणाल मिश्रा होंगे।

### ठाकुरटोला में 7 फरवरी को मड़ई, नाचा भी

**राजनांदगांव।** सोमनी समीपस्थ ग्राम ठाकुरटोला में इस वर्ष भी 7 फरवरी को ग्राम विकास समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में मंडई मेला का आयोजन रखा गया है। उक्त जानकारी देते सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्राम विकास समित ठाकुरटोला के सचिव विसकृत लाल साहू ने बताया कि 7 फरवरी को गांव में मंडई मेला का आयोजन हो रहा है एवं रात्रि में मनोरंजन हेतु नवा किरण छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ग्राम भंडारपुर डोंगरगढ़ का कार्यक्रम रखा गया है। 8 एवं 9 फरवरी को दो दिवसीय रामायण सम्मेलन का आयोजन रखा गया है।

### माय एंगल




## रैक पाईंट बदलने से खाद की सप्लाई अटकी, पड़ोसी जिलों से मंगा रहे

# डीएपी-यूरिया के संकट से जूझ रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रैक पाईंट में बदलाव होने के बाद अब तक रैक कोड जारी नहीं होने से जिले में खाद की सरकारी सप्लाई अटक गई है। हालत यह है कि पिछले चार महीने से खाद का स्टॉक जिले के लिए जारी नहीं हो पाया है। ऐसे में किसानों को भी खाद संकट से जूझना पड़ रहा है। यूरिया और डीएपी की किल्लत की वजह से किसान परेशान हैं। हालांकि अफसरों का दावा है कि पड़ोसी जिलों से खाद मंगा कर किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा है।

इधर आंकड़ों पर नजर डाला जाए तो अब तक महज 28 फीसदी ही खाद का वितरण हो पाया है। जबकि लक्ष्य के मुकाबले 41 फीसदी भंडारण ही किया गया है। इसमें भी यूरिया, डीएपी और पोटाश का भंडारण बेहद कम मात्रा में हो पाया है। इधर किसानों को मजबूरन निजी दुकानों से महंगे दाम पर खाद लेना पड़ रहा है। अधिक दाम पर बिक्री के खिलाफ भी विभाग अब तक कोई एक्शन लेता हुआ नजर नहीं आ रहा है।

उल्लेखनीय है कि खरीफ सीजन की फसल बेचने के बाद जिलेभर में किसानों ने रबी सीजन की तैयारियां शुरू कर दी है। बड़ी संख्या में किसानों ने खेत सुधार के बाद अब बोनी का काम शुरू कर दिया है। ऐसे में किसानों को खाद की आवश्यकता पड़ रही है, लेकिन सहकारी केंद्रों से उन्हें जरूरत अनुसार खाद नहीं मिल पा रहा है।



### इस वजह से दिक्कतें

अफसरों से मिली जानकारी के अनुसार करीब चार महीने पहले रेलवे स्टेशन में जीर्णोद्धार का काम की वजह से रैक पाईंट को नेहरू नगर शिफ्ट कर दिया गया है। जबकि शिफ्टिंग के बाद से अब तक इस रैक पाईंट को लेकर नया कोड जारी नहीं हो पाया है। कोड जारी नहीं होने से खाद की सप्लाई अटक गई है। इसको लेकर संबंधित विभाग से पत्राचार किया जा चुका है, लेकिन अब तक कोड नहीं मिल पाया है।

### चालीस फीसदी ही सप्लाई

जिले में खाद सप्लाई अटकने से सबसे अधिक समस्या डीएपी को लेकर हो गई है। जिले में मांग के मुकाबले चालीस फीसदी डीएपी का ही भंडारण हो पाया है। आकड़े के अनुसार जिले में 3900 टन भंडारण का टारगेट है, लेकिन अब तक महज 1332 टन का ही भंडारण हो पाया है। वहीं यूरिया भी 10 हजार टन का लक्ष्य है, लेकिन अब तक 2049 टन का ही भंडारण हो पाया है।




# शिरोमणी आचार्य विद्यासागर महाराज आध्यात्मिक चेतना के पूंज: मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मां बम्लेश्वरी की धर्मनगरी डोंगरगढ़ के चंद्रगिरि तीर्थ स्थल में आचार्य विद्यासागर जी महाराज की प्रथम पुण्यतिथि पर समाधि स्मृति महोत्सव की शुरूआत हुई।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित डिप्टी सीएम अरूण साव, विजय शर्मा ने 1 से 6 फरवरी तक होने वाले इस महान धार्मिक आयोजन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर आचार्य विद्यासागर महाराज की समाधि स्थल पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विधिवत जैन धार्मिक परम्परा के अनुरूप उनके दर्शन किए। साथ ही उनोंने देश के विभिन्न कोनों से पहुंचे अन्य आचार्य एवं गुरू माताओं से आशीर्वाद भी लिया। प्रातः 9 से 10 बजे के बीच हुए आयोजन में मंत्री अरूण साव एवं विजय शर्मा ने 1 फरवरी को चंद्रगिरि में होने वाले आयोजन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर जैन आर्मी छग ललितपुर की परेड की सलामी लेकर देवशस्त्र गुरूवंदन, गेस्ट आफ ऑनर एवं धार्मिक ध्वजारोहण में सलामी ली। जिसमें संगीत वंदना, तोप सलामी, शाश्वत गान, ध्वजा गीत एवं स्कूल के छात्र-छात्राओं का गीत-संगीत भी आयोजन हुआ। दोपहर 2 बजे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जैन धार्मिक स्थल पर इंद्रानी प्रतिष्ठा मंडल एवं रामवसारण प्रतिष्ठा में सम्मिलित हुए। इस दौरान कार्यक्रम में लालचंद बाफना, कोमल राजपूत, रामजी भारती, विनोद खांडेकर, विनोद जैन, सुरेशचंद जैन, किशोर जैन, अंसुल जैन, विनोद बडजात्या के अलावा अनेक जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।



### गौशाला का निरीक्षण

इस दौरान उन्होंने जैन तीर्थ चंद्रगिरि स्थल के स्कूल एवं हथकरघा केन्द्र एवं गौशाला को भी देखा। धर्मस्थली में पहुचे प्रदेश के मुखिया सहित दोनो मंत्रियों का जैन समुदाय के लोगों ने आत्मीय स्वागत सम्मान किया।

### धरोहर के रूप में पूरे देश में बनेगी पहचान

सीएम श्री साय ने कहा कि धर्मनगरी डोंगरगढ़ को जैन समुदाय के अलावा पूरे विश्व में जैन धर्म की सबसे बडी उपलब्धि और संत शिरोमणी आचार्य विद्यासागर जी महाराज की भूमि की पहचान में अनंत कोटी तक जाना-जाना बताया। उन्होंने जैन मुनि आचार्य विद्यासागर को प्रणाम करते हमेशा ही धर्म के प्रति आस्था, प्रकाश और विचारों के समावेश में हर पल धर्मनगरी डोंगरगढ़ के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के धरोहर के रूप में पूरे देश में पहचाने जाने की बात भी कही।

## निर्दलीय प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह का आबंटन

# महिलाओं को रिझाने सिलाई मशीन और युवा वोटरों के लिए बल्ला रहा पहली पसंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव का चुनावी रण पूरी तरह से तैयार हो चुका है। राजनीति की इस जंग में राष्ट्रीय पार्टियों के अलावा निर्दलीय भी अपनी किस्मत आजमाने उतर चुके। राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पार्टी जहां अपने-अपने चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ती है। वहीं निर्दलियों की पसंद मतदाताओं के अनुसार होती है। 51 वार्ड वाले शहर में महिला वोटरों की संख्या अधिक है तो निर्दलीय प्रत्याशियों की पसंद भी महिला वोटरों को रिझाने सिलाई मशीन रही। वहीं युवा



वोटरों की भी अधिक संख्या होने के चलते युवाओं को आकर्षित करने प्रत्याशियों ने बल्ला चुनाव चिन्ह भी लिया। शहर के 51 वार्ड में पुरूष मतदाताओं की अपेक्षा 5115 अधिक महिला मतदाताओं की संख्या है। इन महिला मतदाताओं की अधिकांश वार्डों में पुरूष मतदाताओं के मुकाबले भी संख्या ज्यादा है। जिसके चलते निर्दलीय पुरूष और महिला प्रत्याशियों की पसंद सिलाई मशीन रही।






## खबर संक्षेप

### केन्द्रीय बजट सभी वर्गों के लिए राहत का बजट श्रवण गिरी गोस्वामी

**हरिभूमि कवर्धा।** महंत श्रवण गिरी गोस्वामी प्रदेश अध्यक्ष विश्वगुरु शंकराचार्य दशनाम गोस्वामी समाज छत्तीसगढ़ बजट पर प्रतिक्रिया।



उन्होने बताया कि यह बजट आत्मनिर्भर भारत, माध्यम वर्ग, किसानों वर्ग, सरकारी कर्मचारी को इनकम टैक्स पर राहत, उद्यमियों को राहत की बात, गरीब उन्मूलन की जरूरत की बजट, विकसित एवं श्रेष्ठ भारत की निर्माण की बजट, वरिष्ठ नागरिकों की प्रोत्साहन की सुविधा, उद्यमी महिला को उद्योग में प्रोत्साहन, मेडिकल विद्यार्थियों की सीट की बढ़ोतरी, पीएम योजना की तहत हर वर्ग को लाभ व आयकर भरने वाले 10 करोड़ व्यक्ति को लाभ केन्द्रीय वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने संसद भवन में प्रस्तुत किया।

### केन्द्रीय बजट 2025 में वित्तमंत्री ने ज्ञान को प्रोत्साहन दियाः तुषार चंद्रवंशी

**हरिभूमि कवर्धा।** केन्द्रीय बजट 1 फरवरी को केन्द्रीय वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने सदन के समक्ष प्रस्तुत किया। वित्तमंत्री ने अपने



बजट भाषण में 1.30 घंटे से अधिक बात रखते हुए ज्ञान, गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी पर विशेष बल दिया है। केन्द्रीय बजट देश की आर्थिक नीतियों के लिए महत्वपूर्ण है। इससे देश में वर्ष भर के आर्थिक विकास निहित होता है। जिस पर तुषार चंद्रवंशी ने कहा कि विकसित भारत की दिशा में और अर्थव्यवस्था को बढ़ाने वाला है, ये बजट 2025 भारत के भावी भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है विकसित भारत 2047 के संकल्प की ओर बढ़ते कदम, वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने बजट में माध्यम वर्गी, किसानों, युवाओं के लिए तमाम बड़े ऐलान किए साथ ही साथ कैंसर की दवाएं भी सस्ती हो गई हैं। केंद्रीय बजट युवाओं के लिए बंफर बजट मेडिकल के विद्यार्थियों के लिए बजट में महत्वपूर्ण निर्णय अगले पांच वर्ष में 75 हजार सीट बढ़ाएगी, केन्द्र सरकार वर्ष 2014 के बाद प्रारंभ किए गए, इसके अतिरिक्त अधोसंरचना विकास एवं छात्रावासों में व्यवस्था बनाएगी सरकार, स्टार्ट-अप लोन की राशि में बढ़ोत्तरी से युवाओं मे नवाचार को बढ़ावा वहीं लोन गारंटी 5 करोड़ से 10 करोड़ किया गया है। इससे स्टार्ट अप के लिए आसानी से 1.5 करोड़ तक लोन मिलेंगे, शुल्क भी कम किए जाएंगे। इस केन्द्रीय बजट में वित्तमंत्री ने सभी वर्गो का ख्याल रहा।

## जिले में मतदाता जागरूकता अभियान,जाबो कार्यक्रम के तहत हो रही विभिन्न गतिविधियां

# नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को लेकर जागरूकता अभियान तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के दिशा-निर्देश पर जिले में नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के मद्देनजर मतदाता जागरूकता अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। जाबो कार्यक्रम के माध्यम से जिले के सभी नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में मतदाताओं को मतदान के प्रति जन-जागरूक किया जा रहा है।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें निर्वाचन प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। इसके अंतर्गत जिले के स्कूलों और आंगनबॉड़ी केंद्रों में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इन प्रतियोगिताओं में मेंहदी, रंगोली प्रतियोगिता सहित अन्य प्रतियोगिता आयोजन भी किया गया है, जिसमें महिलाएं और छात्राओं ने अपने हाथों पर मेंहदी के द्वारा मतदान के संदेश को प्रकट कर रहे हैं।

यह एक अभिनव तरीका है, जिसके माध्यम से मतदान के महत्व को समाज में व्यापक स्तर पर पहुंचाया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्व सहायता समूह की दीदीयों द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। वे ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर, रैली निकालकर और जनसभा आयोजित कर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित कर रही हैं। इन गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य गांव-गांव में मतदाताओं को जागरूक करना और उन्हें निर्वाचन में अपनी जिम्मेदारी समझने के लिए प्रेरित करना है। ईवीएम प्रदर्शन का आयोजन नगरीय निकायों में किया जा रहा है, ताकि मतदाताओं को ईवीएम की प्रक्रिया और इसकी सही तरीके से उपयोग के बारे में जानकारी दी जा सके। इस प्रदर्शन में लोग ईवीएम की कार्यप्रणाली को समझने के साथ-साथ मतदान के दौरान होने वाली तकनीकी प्रक्रिया को भी जान पा रहे हैं।

### कार्यक्रम का उद्देश्य हर मतदाता तक यह संदेश पहुंचाना




कलेक्टर गोपाल वर्मा ने इस अभियान के बारे में बताते हुए कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य हर मतदाता तक यह संदेश पहुंचाना है कि उनका वोट लोकतंत्र की ताकत है। चुनावी प्रक्रिया में सभी नागरिक सक्रिय रूप से भाग लें और अपने अधिकार का उपयोग करें। इस अभियान में जिले के विभिन्न विभागों और समाजिक संगठनों द्वारा सहयोग किया जा रहा है ताकि मतदाताओं को पूरी तरह से जागरूक किया जा सके। खासकर महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं को इस अभियान के माध्यम से विशेष रूप से जोड़ा जा रहा है।

### डिप्टी सीएम विजय व अरुण ने नपं स.लोहारा में किया चुनावी शंखनाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ स/लोहारा

सहसपुर लोहारा नगर पंचायत के अम्बेडकर भवन में कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे छत्तीसगढ़ शासन के दोनों उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं अरुण साव ने नगर पंचायत के अध्यक्ष प्रत्याशी संतोष मिश्रा एवं 15 वार्डों के पार्षदों के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए चुनावी शंखनाद किया। सहसपुर लोहारा के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि नगर पंचायत के अध्यक्ष एवं पार्षद प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार में भाजना की ओर से कार्यकर्ता सम्मेलन कर कार्यकर्ताओं एवं आम जनता से नगरीय निकाय के प्रत्याशियों के लिए मतदान करने वोट मांगे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं अरुण साव ने नगर पंचायत सहसपुर लोहारा में चुनावी शंखनाद करते हुए नगर के कुछ हिस्सों में कार्यकर्ताओं के साथ पैदल भ्रमण करते हुए वार्ड 10 में स्थित नवीन अम्बेडकर भवन पहुंचे जहां भाजप के कार्यकर्ताओं एवं जनसमुदाय को संबोधित किए।

# प्रमुख प्राथमिक शाला में जिला स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित



■ विजयी प्रतिभागियों को पुरूस्कृत किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में प्रमुख प्राथमिक शाला कवर्धा में जिला स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे निर्णायक दल के रूप में श्रीमती आकांक्षा वर्मा (सहायक प्राध्यापक गृहविज्ञान) पीजी कॉलेज, डॉ भावना श्रीवास्तव (सरस्वतीचन्द्र हास्पिटल कवर्धा) एवं सुश्री अंजू खुराना, प्रधान पाठक (गृहविज्ञान) शासकीय प्राथमिक शाला मगरदा एवं श्री सीडी भट्ठ, प्रधान पाठक (प्रमुख प्राथमिक शाला कवर्धा) द्वारा प्रतियोगिता मे सम्मिलित प्रतिभागियों को निर्धारित मूल्य के भीतर ही गुणवत्तापूर्ण भोजन पकाने-रसोइयो के ड्रेस, साफ-सफाई आदि के आधार पर अंक विभाजित कर मूल्यांकन किया गया। जिसके आधार प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी रसोइयो को जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक संचालक, एमआई प्रशासक द्वारा निर्धारित पुरुस्कार प्रदान किया गया। जिसमें प्रथम स्थान प्राथमिक शाला हटरीपारा श्रीमती नेहा यादव, श्रीमती मालती यादव, द्वितीय स्थान प्राथमिक शाला पिपरिया श्रीमती अहिमन श्रीवास व श्रीमती कौशिल्या श्रीवास तथा तृतीय स्थान पूर्व माध्यमिक शाला सहसपुर लोहारा श्रीमती नेहा यादव, श्रीमती मालती यादव ने प्राप्त किया।

# बजट में 12 लाख तक टैक्स में छूट, ऐतिहासिक व विकसित भारत के संकल्प को मिलेगी नई गति : भावना बोहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व में केन्द्रीय वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने केन्द्रीय बजट में कई अहम व आम नागरिकों राहत देने



वाली घोषणाएं की है। इस अवसर पर पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के ध्येय को लेकर कार्य कर रही है। मोदी सरकार 3.0 का बजट केंद्रीय वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने संसद भवन में प्रस्तुत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के सभी वर्गों के कल्याण को ध्यान में रखकर अमृत काल के इस बजट से सीधे जनता को लाभ मिलेगा।

श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने भाजपा के अंत्योदय की परिकल्पना को सार्थक एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गरीब कल्याण व सुशासन को परिलक्षित करते हुए बजट प्रस्तुत किया है।

अमृतकाल के इस बजट में केंद्र सरकार ने देश की महिलाओं, गरीब, किसान, व्यापारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, इन्फ्रास्ट्रक्चर, रक्षा, कृषि, पशुपालन, कौशल विकास, डिजिटल विकास सहित सबसे बड़ी राहत मध्यम वर्गीय परिवार को देते हुए 12 लाख रुपए तक की आय में टैक्स छूट की सुविधा ऐतिहासिक घोषणा है। बजट में सभी क्षेत्रों के विकास को प्राथमिकता के साथ शामिल किया है। वहीं अन्नदाताओं का सम्मान करते हुए बजट में किसान क्रेडिट कार्ड में ऋण सीमा को 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपए तक करने की घोषणा हमारे देश के 7.7 करोड़ किसान भाई-बहनों के परिश्रम और देश के विकास में उनकी भूमिका के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने वाला निर्णय है।

### वित्तमंत्री ने बजट में गरीब, युवा, किसान, महिला पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में विकास के उपाय प्रस्तावित किए

विधायक ने कहा कि विगत 10 वर्षों में केन्द्र की भाजपा सरकार और पीएम के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था सभी प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी है । पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार में देश ने विकास का जो रोल मॉडल बनाया और संरचनात्मक सुधारों को किया है उससे पूरे विश्व की निगाह आज भारत की ओर है। वित्तमंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट में गरीब, युवा, किसान, महिला पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में विकास के उपाय प्रस्तावित किए गए हैं। किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रधानमंत्री धन-धन्य कृषि योजना की शुरुआत की जाएगी। इस योजना के अंतर्गत कम उत्पादकता, मध्यम फसल सघनता और औसत से कम ऋण मानकों वाले 100 जिले शामिल होंगे। इससे 1.7 करोड़ किसानों को मदद मिलेगी। लघु एवं सूक्ष्म उद्योग चलाने वाले एमएसएमई के लिए ऋण सीमा को 5 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपए किया गया है, जिससे व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने और युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए ऋण को 10 करोड़ से 20 करोड़ रुपये तक, आत्मनिर्भर भारत के लिए महत्वपूर्ण 27 फोकस क्षेत्रों में ऋण के लिए गारंटी शुल्क को घटाकर 1 प्रतिशत किया गया। अगले 5 वर्ष में मेडिकल कॉलेजों में मेडिकल एजुकेशन में 75 हजार सीटों को बढ़ाया जाएगा।

### देश के विकास को नई गति देने के साथ ही जनता की सुविधाओं, आर्थिक सशक्तिकरण युवाओं को रोजगार, किसानों व कृषि को विस्तार तथा महिलाओं को सक्षम बनाने के लिए बजट

श्रीमती भावना बोहरा ने बताया कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के सशक्तिकरण और पहली बार उद्यमी बनने वालों के लिए एक नई योजना शुरू की जाएगी, जिसके तहत अगले 5 वर्षों के दौरान 2 करोड़ रुपए तक का टर्म लोन उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही सक्षम आंगनबॉड़ी एवं पोषण 2.0 कार्यक्रम चलाया जाएगा, जिसमें योजना के तहत देश भर में 8 करोड़ से अधिक बच्चों, 1 करोड़ गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं तथा आकांक्षी जिलों और पूर्वोत्तर क्षेत्र में लगभग 20 लाख किशोरियों को पोषण संबंधी सहायता मिलेगी। शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालयों के उन्नयायां और भारत नेट परियोजना के तहत उन्हें डिजिटल बनाने के लिए अगले 5 वर्षों में सरकारी स्कूलों में 50 हजार अटल टिंकरिंग लैब स्थापित की जाएगी। वहीं ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी को ग्रामीण क्षेत्रों के सभी सरकारी माध्यमिक विद्यालयों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा, अगले तीन वर्षों में सभी जिला अस्पतालों में डे-केयर कैंसर सेंटर स्थापित किए जाएंगे जिससे कैंसर पीड़ित मरीजों को उपचार मिलेगा। घर घर स्वच्छ पेयजल की अपूर्ति के लिए जल जीवन मिशन का विस्तार 2028 तक कराया जा रहा है। ऐसी कई अन्य घोषणाएं हैं जो देश के विकास को नई गति देने के साथ ही जनता की सुविधाओं, आर्थिक सशक्तिकरण, युवाओं को रोजगार, किसानों व कृषि को विस्तार तथा महिलाओं को सक्षम बनाने के लिए बजट में निहित हैं। मैं इस सर्वव्यापी एवं सर्वसमावेशी बजट के लिए प्रधानमंत्री एवं केन्द्रीय वित्तमंत्री का आभार व्यक्त किया।

## राजेंद्र पटेल ने स्वच्छता के प्रति जन-जागरुकता का दिया संदेश



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखण्ड पंडरिया क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत पेंड्रीकला निवासी हमर भोरमदेव कला सेवा कल्याण समिति कबीरधाम के संस्थापक, संयोजक एवं हरदिहा मरार पटेल समाज पंडरिया परिक्षेत्र कोषाध्यक्ष राजेंद्र पटेल ने गली-मोहल्ले के नाली एवं सीसी रोड में कूड़े-कचरे की साफ-सफाई कर क्षेत्रवासियों को स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता का संदेश दिया। उन्होने कहा कि जब तक हम अपने आसपास की साफ-सफाई नहीं करेंगे अथवा गंदगी को दूर नहीं करेंगे तब तक हम अपने जीवन को संतुलित या स्वस्थ महसूस नहीं कर सकते इसलिए हमें अपने आसपास के गंदगी को दूर करके होने वाले बीमारी तथा रोग को नियंत्रण कर सकते हैं। श्री पटेल ने स्वच्छता का नारा देते हुए लोगों को जन-जागरूकता लाने संदेश दिया जिसमें हम सब मिलकर करें योगदान- गली-मोहल्ले व चौक-चौराहे स्वच्छता का रहे पहचान, हम सब का एक ही सपना- स्वच्छ एवं सुंदर गांव रहे अपना, जिस दिन हर गली-मोहल्ले, गांव के युवा संगठित होकर स्वच्छता के लिए कार्य करने के लिए अपना-अपना हाथ बटाएंगे उस दिन गली मोहल्ले व चौक-चौराहों एवं गांव में जीवन व्यतीत करने वाले सभी व्यक्ति का जीवन बहुत सुन्दर एवं स्वस्थ रहेगा।

# आरपीएस स्कूल में शहीद दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76वीं पुण्य तिथि मनाई गई। विद्यालय की प्राचार्या एम शारदा द्वारा महात्मा गांधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना किया गया। तदुपरांत समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं व विद्यार्थियों ने एक मिनट का मौन धारण कर गांधी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर महात्मा गांधी के जीवन वृत्त पर आधारित विविध गतिविधियों पर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुति दी गई।

विद्यालय के प्राचार्या एम शारदा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं को अपने वक्तव्य के माध्यम से छात्र छात्राओं के समक्ष प्रस्तुत किए। साथ ही साथ उनके अनमोल आदर्शो एवं विचारो का अपने जीवन में अमल करने की प्रेरणा भी दी, उन्होने बताया की महात्मा गांधी ने कैसे सत्य, अहिंसा के बल पर असहयोग आंदोलन, नमक सत्याग्रह, दांडी मार्च जैसे आंदोलन से अंग्रेजो को चुनौती दी और देश को आजाद कराया। वही बच्चो ने कविता, गीत एवं उनके जीवन वृत्त पर आधारित प्रश्नोत्तरी आदि की मनमोहक प्रस्तुति दी।

पाठक सूचना

कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425554555, 8889139071

## परंपरागत खेती, अनाजों को उगाना व अपने भोजन में शामिल करना बेहद जरुरी

# जेवनार मेला में पोषण से भरपूर सैकड़ों प्रकार के भोजन का हजारों लोगों ने चखा स्वाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जन स्वास्थ्य सहयोग गनियारी बिलासपुर द्वारा 31 जनवरी को कोटा विकासखंड ग्राम सराईपाली में जेवनार मेला का आयोजन किया गया। जेवनार मेला मोटे अनाज की खेती एवं खाने में उपयोग करने को बढ़ावा देने के लिए किया गया। जेवनार मेला में अचानकमार अभ्यारण क्षेत्र के 26 एवं कोटा ब्लॉक के 72 गांवों से 90 महिला समूहों एवं किसान समूहों से लगभग 1200 लोगों की टीम शामिल हुई। जेवनार मेले में 150 से ज्यादा परंपरागत व्यंजन स्टॉल पर प्रदर्शन किए गए। जेवनार मेले का शुभारंभ परम्परागत आदिवासी नृत्य के साथ हुआ। जेवनार मेले मिलेट यानी मोटे अनाज जैसे कोदो, कुटकी, सांवा, कंगनी, बाजरा आदि अनाजों को अपने खाने में शामिल करने के महत्व को बढ़ावा देने के लिए किया गया। जन स्वास्थ्य सहयोग से डॉ गजानन, डॉ रविन्द्र कुर्बुडे, मिनल, प्रतिष्ठा, चंद्रिमा, विशाल, डॉ पंकज, बेन रत्नाकर, मंजू, ममता, अजय, पूर्णिमा, जगदेव, सुनील, जलेश, प्रकाशमणि, प्रफुल्ल, आकाशवाणी बिलासपुर से सुप्रिया भारतीयन, क्रांति, मलेश, बजरंग, कृष्ण, महेश, धामसिंह, कबीरधाम जिले से चंद्रकांत यादव एवं सैंकड़ों ग्रामीण जन उपस्थित थें।

### जिले के पीवीटीजीएस बैगा जनजाति हुए शामिल

जेवनार मेला में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी कबीरधाम जिले के विकासखंड बोड़ला तरेगांव जंगल कलस्टर क्षेत्र से पीवीटीजीएस बैगा जनजाति के प्रतिनिधि सदस्य शामिल हुए। जिसमें श्रीमती श्रीबाई बैगा, कोमल सिंह धारवैया एवं चंद्रकांत यादव कार्यकारी निदेशक ग्रामोदय ग्राम विकास समिति कवर्धा जिला कबीरधाम छत्तीसगढ़ शामिल हुए। ज्ञात हो कि श्रीमती श्रीबाई बैगा जो कि बीज संरक्षण के लिए बहुत ही सराहनीय एवं उल्लेखनीय कार्य कर रही है।

### कोदो-कुटकी अब सुपर फूड के नाम से प्रसिद्ध

5-6 दशकों पहले मोटे अनाजों की खेती ग्रामीण क्षेत्रों में हुआ करती थी, जो अब विलुप्तिकरण की कगार पर है। पहले लोगों को लगता था, कि कोदो-कुटकी गरीबों का खाना है परंतु अब शहरों और अमीर लोगों के बीच में यह सुपर फूड के नाम से प्रसिद्ध हो गए हैं। आज हम सिर्फ स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी के दम पर रोगों से नहीं लड़ सकतें हमें पोषण विविधता के लिए बहुफसलीय खेती करना ही होगा। जिसमें मोटे अनाज मुख्य रुप से शामिल हो और खेत से लोगों के पेट तक भी जाए।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### आयकर छूट सीमा उम्मीद से अधिकः डॉ चन्द्रवंशी



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने केंद्रीय बजट में नौकरीपेशा अर्थात कर्मचारियों-अधिकारियों को टैक्स में छूट की सीमा बढ़ाने का स्वागत किया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने कहा कि यह पहला अवसर है, जिसमें हमारे उम्मीद से अधिक आय सीमा पर आयकर से छूट दिया गया है। इस बजट से हमें दस लाख रुपए तक वार्षिक आय पर आयकर से छूट की उम्मीद था, लेकिन अब कर्मचारियों को नए टैक्स स्लैब में बारह लाख रुपये तक वार्षिक आय पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। इसके साथ ही पचहत्तर हजार रुपये का स्टैंडर्ड डिडक्शन का भी लाभ मिलेगा, जिसे मिलाकर अब कर्मचारियों के लिए 12 लाख 75 हजार रुपये तक की वार्षिक आय टैक्स फ्री हो जाएगा।

### सर्वे भवन्तु सुखिन चाहने वाली सरकार का बजट



**कवर्धा।** वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने मिडिल क्लास को इनकम टैक्स में अभूतपूर्व राहत देने वाला ऐतिहासिक और दूरदर्शी बजट पेश किया है। टैक्स फ्री इनकम 7 लाख से बढ़ाकर 12 लाख करने से एक ओर जहां मध्यवर्गीय कारोबारी और नौकरीपेशा लोगों की जेब में अतिरिक्त पैसा आएगा, उनकी क्रयशक्ति बढ़ेगी, वहीं अर्थव्यवस्था के पहिए को भी गति मिलेगी। हमने देखा है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकारें किस तरह मिडिल क्लास और नौकरीपेशा लोगों को निचोड़ने में लगी रहती थीं। 2013 में कांग्रेस सरकार के वित्तमंत्री पी चिदंबरम ने जो बजट रखा था, उसमें सिर्फ 3 लाख तक ही टैक्स फ्री इनकम थी। 2014 में भाजपा सरकार के आने के बाद हर वर्ष इनकम टैक्स स्लैब में मिडिल क्लास को राहत दी गई है। इसके अलावा यह बजट गरीब, किसान, लोअर मिडिल क्लास, मंझोले व्यापारियों, बेरोजगार युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों का भला चाहने वाली सर्वे भवन्तु सुखिनः के सिद्धांत पर चलने वाली सरकार का सर्वांगीण बजट है। बजट में युवाओं के स्टार्टअप और महिला उद्यमियों के लिए बड़ा फंड रखा गया है। मेक इन इंडिया एंड मेक फ़ॉर वर्ल्ड के विचार को आगे बढ़ाने के लिए व्यापारियों के लिए लोन गारंटी लिमिट 5 से 10 करोड़ की गई है। साथ में 72 लाख नौकरियां पैदा करने का संकल्प है।

### निर्वाचन आयोग ने जारी किए दिशा-निर्देश

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, रायपुर द्वारा 20 जनवरी 2025 को नगरीय निकायों के आम निर्वाचन की घोषणा की गई है। इसके साथ ही जिले के सभी नगरीय निकायों में आचार संहिता लागू हो गई है। इस संदर्भ में निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों और अभ्यर्थियों को प्रचार-प्रसार के दौरान विशेष निर्देश दिए हैं। आचार संहिता के तहत यदि किसी राजनीतिक दल या अभ्यर्थी द्वारा प्रचार के उद्देश्य से इश्तहार (प्लेकार्ड), निर्वाचन पुस्तिका, पर्चे, रिकार्ड, पोस्टर या अन्य मुद्रण सामग्री का प्रकाशन किया जाता है, तो इसे लेकर एक अनिवार्य दिशा-निर्देश जारी किया गया है। निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि प्रिंट लाइन में मुद्रक और प्रकाशक का नाम, पता और मुद्रित सामग्री की मात्रा अंकित करना आवश्यक होगा। इसके अलावा, की गई मुद्रण सामग्री की पूरी जानकारी जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने जिले के सभी मुद्रक और प्रकाशकों को इन नियमों का पालन करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया है कि किसी भी प्रकार की आचार संहिता का उल्लंघन न हो। इस आदेश का पालन सभी संबंधित दलों और अभ्यर्थियों के लिए अनिवार्य होगा।

### व्यय प्रेक्षक श्री कुमार ने ली अधिकारियों की बैठक

**कवर्धा।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक कैलाश कुमार ने शनिवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में निर्वाचन कार्य में लगे नोडल अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी चुनाव प्रक्रिया में पूरी सजगता और पारदर्शिता बनाए रखें। चुनावी खर्चों पर नजर रखना और अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए सभी विभागों को मिलकर काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए, ताकि चुनाव निष्पक्ष और शांति पूर्ण तरीके से संपन्न हो सके। बैठक में अपर कलेक्टर विनय पोयाम, मोनिका कौड़ो, मुकेश रावटे, श्री पैकरा, कवर्धा एसडीएम सुश्री आकांक्षा नायक, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे। व्यय प्रेक्षक कैलाश कुमार ने कहा कि व्यय अनुवीक्षण कार्य के लिए गठित टीम अभ्यर्थी के खर्च की निगरानी करे। विभिन्न व्यय कार्यों के लिए गठित टीम द्वारा डेली रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप में संधारण करें। उन्होंने कहा कि शराब के अवैध परिवहन एवं नगद राशि के जप्ती की कार्रवाई होते रहना चाहिए।

### कोदवागोड़ान में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**कोदवागोड़ान।** पीएचसी छीरपानी के अंतर्गत आम सेंटर कोदवागोड़ान में शनिवार को सीएमएचओ डॉ. बीएल राज के निर्देशन में और बीएमओ डॉ राकेश कुमार प्रेमी के नेतृत्व मे निक्षय निरामय अभियान के अंतर्गत एक विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में 76 लोगों की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें 24 का हीमोग्लोबिन (एचबी) और शुगर, बीपी का परीक्षण किया गया। और 5 लोगों का टीबी चिन्हांकन कर स्पुटम और एक्स रे जांच के लिए रेफर किया गया। अन्य बीमारियों में मानसिक रोगी ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसॉर्डर के 1, रूमेटॉयड ऑर्थराइटिस के संभावित 2, सोमेटाइजेशन के 12, स्लिप डिसऑर्डर 3, डेंटल के 1, हृदय रोग 1, अस्थमा 2, रक्ताल्पता के 3 तथा अन्य कई प्रकार के मरीजों का जांचकर उपचार किया गया, गया साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंडरिया में जांच कराने के लिए सलाह दिया गया। स्वास्थ्य कर्मियों ने टीबी और कुष्ठ के लक्षणों के बारे में जागरूक किया और बताया कि समय पर इलाज से इन बीमारियों को पूरी तरह ठीक किया जा सकता है।

---

**प्रतिक्रियाः भाजपा ने सराहा तो कांग्रेस ने बजट पर उठाए सवाल**

# केंद्र सरकार का सबका साथ, सबका विकास वाला बजट ऐतिहासिकः भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



केन्द्र की मोदी सरकार की वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा शनिवार को संसद में प्रस्तुत किए गए बजट को भाजपा के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने ऐतिहासिक करार दिया है। पार्टी ने कहा है कि इस बजट से समाज के हर वर्ग को फायदा होगा। भाजपा ने बजट को खासतौर पर किसानों और मध्यम वर्ग के लिए मील का पत्थर बताया है। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र चन्द्रवंशी ने बजट की जमकर प्रशंसा की। उनका कहना है कि किसानों, मध्यम वर्ग, गरीबों और महिलाओं समेत यह बजट समाज के हर वर्ग के लिए हितकारी है। यह बजट न्यू इंडिया के सपने को पूरा करने में मदद करेगा। उन्होने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बहुत धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने मध्यम वर्ग और किसान हित में आजतक का सबसे बड़ा क्रांतिकारी फैसला किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज 2025-26 के लिए पेश किए गए केंद्रीय बजट में कृषि, विनिर्माण, मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति बढ़ाने और समावेशी विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। वित्तमंत्री की बड़ी घोषणा नौकरी पेशा की 12 लाख की आय पर कोई आयकर नहीं लगेगा, यह नौकरी पेशा मध्यमवर्ग के विकास का मार्ग खोलेगी। इसके अलावा बजट में मोबाईल, एलईडी एलसीडी टीवी, लीथियम बैटरी, ईवी कार, कैंसर की 36 दवाएं, भारत में निर्मित कपड़े सस्ते किए गए है। जिससे लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। इसके अलावा वरिष्ठ नागरिकों की टैक्स सीमा बढ़ाई गई है। श्री चन्द्रवंशी ने बताया कि बजट में किसानो को बड़ी राहत देते हुए दालों और कपास के उत्पादन को बढ़ावा देते हुए दालों के उत्पादन के लिए छह वर्षीय मिशन और कपास के लिए पांच वर्षीय मिशन की शुरुआत की जाएगी। किसानों के लिए सब्सिडी युक्त ऋण सीमा में वृद्धि 5 लाख रुपए किया गया है, जो पहले 3 लाख रुपए थी। मेक इन इंडिया कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए नीति समर्थन प्रदान करने हेतु राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन की स्थापना की जाएगी। जिला भाजपा अध्यक्ष ने कहा निश्चित रूप से बजट सबके विकास को ध्यान में रखकर पेश किया गया है।

**केन्द्रीय वित्त मंत्री ने पेश किया बजट**



### दिल्ली और बिहार चुनाव को ध्यान में रखकर पेश किया गया बजटः कांग्रेस



भाजपा जहां केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट को गांव, गरीब, किसानो, मध्य वर्ग, महिलाओं और देश के लिए एब बेहतरीन बजट मान रही हैं। वहीं कांग्रेस के स्थानीय कांग्रेस ने इसे चुनावी बयार में मोदी सरकार की एक और जुमलेबाजी करार दिया हैं। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरीराम साहू का कहना है कि मोदी सरकार ने यह बजट दिल्ली तथा आने वाले दिनो में बिहार में होने वाले चुनाव को ध्यान में रखकर पेश किया है। गांव, गरीब, किसान और बेरोजगारों के साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य के लिए इस बजट में कुछ भी नहीं है। मंहगाई से निपटने के लिए भी बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। इस बजट में बिहार राज्य के लिए विशेष ध्यान दिया गया है क्योंकि वहां आने वाले समय में विधानसभा चुनाव होने है।

### श्रेष्ठ भारत के निर्माण का ब्लूप्रिंट है यह बजट



राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय ने केंद्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बजट को श्रेष्ठ भारत के निर्माण एवं वैश्विक पटल पर भारत देश को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने हेतु रोड मैप बताया है. एक ओर केसीसी लोन की सीमा में वृद्धि कर किसानों को सेठ साहुकारो के चंलुग से मुक्ति दिलाई गयी है तो दूसरी ओर आयकर में छुट प्रदान मध्यम वर्ग के हितो का ध्यान रखा गया है. सरकारी अस्पतालों में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के इलाज हेतु बजट में प्रावधान एवं किसानो के लिए नयी योजना पीएम धन-धान्य योजना की घोषणा की गई है. सांसद पाण्डेय ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों की सोच होती थी कि बजट से सरकार का खजाना कैसे भरेगा लेकिन मोदी जी ने इसका उल्टा करते हुए देश के नागरिको की आय में कैसे वृद्धि होगी उनकी बचत कैसे बढ़ेगी इस हेतु नीव रखा है. किसान, गरीब, मध्यम वर्ग, महिला, बच्चो की शिक्षा, पोषण व स्वास्थ्य से लेकर स्टार्ट अप, नवाचार और निवेश हर क्षेत्र को समाहित करता यह बजट मोदी जी आत्म निर्भर भारत का रोड मैप है।

---

## कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने जिला गुड़ उद्योग संघ और संचालकों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



जिले का गुड़ उद्योग इन दिनो अपने कृत्यों के चलते लगातार सुर्खियां बटोर रहा है। जिसे देखते हुए कलेक्टर गोपाल वर्मा और पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह ने शनिवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में गुड़ उद्योग संघ और संचालकों के साथ बैठक की, जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर और एसपी ने गुड़ उद्योग से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से सुना और समाधान के लिए दिशा-निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न गुड़ उद्योग संचालकों ने अपने अनुभव साझा किए और उद्योग से जुड़ी समस्याओं को अधिकारियों के सामने रखा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बैठक में बताया कि हाल ही में गुड़ उद्योग में पत्थर पावडर मिलाने की एक गंभीर शिकायत प्राप्त हुई थी। इस शिकायत के बाद खाद्य एवं औषधि विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए औचक निरीक्षण किया और पत्थर पावडर को जप्त किया। कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए खाद्य एवं औषधि विभाग, पुलिस और गुड़ उद्योग संघ की एक संयुक्त टीम बनाई जाए, जो समय-समय पर गुड़ उद्योगों का निरीक्षण करेगी। बैठक में गड़ उद्योग के संचालकों ने ठेकेदारों के संबंध में कुछ शिकायतें भी उठाई। पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह ने इस समस्या को गंभीरता से लिया जाएगा और ऐसे ठेकेदारों की एक सूची तैयार की जाएगी। इसके बाद उन ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई से गुड़ उद्योग के संचालन में पारदर्शिता आएगी और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को रोका जा सकेगा।

## कोदो, कुटकी व रागी की खरीदी प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार गुणवत्तायुक्त कोदो, कुटकी व रागी का क्रय लघु वनोपज संघ द्वारा कबीरधाम जिला अंतर्गत जिला यूनियन, कवर्धा द्वारा प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समितियों के 46 हाट बाजार केन्द्रों में महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से कोदो, कुटकी व रागी की खरीदी 15 दिसम्बर 2024 से प्रारंभ हो चुकी है। कृषक इन केन्द्रों में 15 फरवरी 2025 तक विक्रय कर सकतें हैं। शासन द्वारा इस वर्ष कोदो- 32 रूपए प्रति किलो ग्राम, कुटकी 33.50 रूपए प्रति किलो ग्राम, रागी 42.90 रूपए प्रति किलो ग्राम निर्धारित किया गया है। शासन द्वारा इस वर्ष रागी का समर्थन मूल्य 38.46 रूपए प्रति किलो ग्राम से बढ़ाकर 42.90 रूपए प्रति किलो ग्राम किया गया है। धान की कीमत शासन द्वारा 3100 रूपए प्रति क्विंटल निर्धारित है वहीं कोदो की खरीदी 3200 रूपए प्रति क्विंटल की दर पर होगी। इस प्रकार किसानों को धान की तुलना में कोदो के लिणए 100 रूपए अधिक लाभ मिलेगा।

## फॉरेस्ट फायर सीजन 2025 विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

वन मंडल कवर्धा अंतर्गत 1 फरवरी को काष्ठागार कवर्धा नीलाम हाल में वनों में अग्नि की रोकथाम और प्रबंधन के संबंध में फॉरेस्ट फायर सीजन 2025 विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण सह कार्यशाला में वनमंडलाधिकारी शशि कुमार ने बताया कि विगत 3 वर्षों के दर्ज प्रकरणों के डेटाबेस के आधार पर संवेदनशील तथा अति संवेदनशील क्षेत्र की पहचान कर बनाए गए मैप के आधार पर भावी रणनीति तैयार की गयी है। उन्होंने बताया कि कवर्धा वन मंडल के अंतर्गत वर्ष 2023 की तुलना में वर्ष 2024 में अग्नि घटनाओं में काफी कमी आई है जिसके अंतर्गत क्षेत्रीय वनक्षेत्र में 66 प्रतिशत कमी एवं अभ्यारण्य वनक्षेत्र में 75 प्रतिशत कमी दर्ज की गयी है। इस वर्ष 2025 में न्यूनतम स्तर पर ले जाने हेतु संसाधनों के समुचित उपयोग और ज्यादा से ज्यादा जन सहभागिता के प्रयासों के माध्यम से अग्नि प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही की जावेगी। वन विकास निगम के प्रबंधक पीतांबर साहू द्वारा भी क्षेत्रीय और वन विकास निगम के अमले द्वारा संयुक्त रूप से वनों में अग्नि के नियंत्रण एवं प्रबंधन किए जाने पर जोर दिया गया। कार्यशाला में शशि कुमार वनमंडलाधिकारी कवर्धा, सुमेध संजय सुरवाड़े प्रशिक्षु भावसे अधिकारी, पीतांबर साहू प्रबंधक, वन विकास निगम कवर्धा, आशीष आर्या उप वनमंडलाधिकारी कवर्धा, अनिल साहू, उप वनमंडलाधिकारी स.लोहारा, सुयशधर दीवान उप वनमंडलाधिकारी पंडरिया, अंकित कुमार पाण्डेय अधीक्षक भोरमदेव अभ्यारण्य कवर्धा, कवर्धा वनमंडल एवं वन विकास निगम के समस्त परिक्षेत्र अधिकारी, संवेदनशील तथा अति संवेदनशील क्षेत्र के समस्त उप वनक्षेत्रपाल, वनपाल, वनरक्षक, वनमंडल कार्यालय के संबंधित शाखा प्रभारी, वन प्रबंधन समिति के प्रबंधक, सदस्य एवं अन्य क्षेत्रीय कर्मी उपस्थित थे।

### कांग्रेस प्रत्याशी संतोष यादव ने किया सघन जनसंपर्क



**कवर्धा।** कवर्धा नगर पालिका क्षेत्र के चुनावीरण में कांग्रेस पूरे दमखम और जोश के साथ उतर चुकी है। 1 फरवरी को नगर पालिका क्षेत्र से अध्यक्ष पद के उम्मीदवार संतोष यादव उर्फ भक्कु ने अपने समर्थकों और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारियों के साथ कवर्धा नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 1, 2 एवं 3 का धुंआधार तथा सघन जनसंपर्क किया। हांथो में कांग्रेस का झंडा, बैनर, पोस्टर लेकर कांग्रेस प्रत्याशी श्री यादव की टोली ने इस दौरान तीनो वार्डो के घर-घर जाकर लोगों से हांथ जोड़कर समर्थन मांगा। लोगों ने भी कांग्रेस के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी संतोष यादव उर्फ भक्कु की सहजा, सरलता तथा कर्मठता को देखते हुए उन्हें व्यापक समर्थन दिया। इस अवसर पर श्री यादव ने कहा कि कवर्धा नगर पालिका में बीते चार साल तक कांग्रेस की सत्ता रही है। इस दौरान कांग्रेस ने तात्कालिन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सहयोग से कवर्धा नगर का समुचित विकास करते हुए नगरवासियों को बेहद सहता व सुगमता से मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। लेकिन प्रदेश की सत्ता में काबिज होने के साथ ही भाजपा ने कांग्रेस का पूर्ण बहुमत होने के बाद भी अपनी सत्ता का दुरूपयोग करते हुए छल और बल से कवर्धा नगर पालिका का अध्यक्ष पद हंथिया लिया। श्री यादव ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा का उद्देश्य सत्ता व कुर्सी पाकर जनसेवा करना नहीं बल्कि भ्रष्टाचार कर धन अर्जित करना है। यही वजह है कि भाजपा के आला नेता जिले के सभी संस्थानो में अपने चहेते लोगों को बैठाने एड़ी चोटी का जोर लगा रहे है। उन्होने कहा कि बीते एक वर्ष में ही भाजपा ने कवर्धा नगर में तथा कथित विकास एवं सौंदर्यीकरण के नाम पर भारी भ्रष्टाचार किया है। जबकि नगरवासियों की मूलभूत समस्या बिजली, पानी, साफ-सफाई के प्रति कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वहीं कांग्रेस की सरकार ने दो साल कोरोना काल की विपरीत परिस्थितियों के बाद भी नगर विकास के साथ लोगों की मूलभूत समस्याओं व सुविधाओं के लिए व्यापक कार्य किए। श्री यादव ने नगरवासियों से एक बार पुनः कांग्रेस के उम्मीदवारों को प्रचण्ड मतों से विजयी बनाने तथा निःस्वार्थ भाव से नगर तथा नगरवासियों की सेवा करने का अवसर प्रदान करने की अपील नगर के मतदाताओं से की है। कांग्रेस के अध्यक्ष प्रत्याशी संतोष सादव उर्फ भक्कु के जनसंपर्क के दौरान उनके साथ तीनो वार्डो के पार्षद प्रत्याशी विन्नू तिवारी, रतन साहू, रामायण सिन्हा सहित शीतल साहू तथा बड़ी संख्या में महिला, पुरूष, युवा तथा कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

---

## भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित



**इंदौरी।** भारतीय जनता पार्टी ने कवर्धा नगरी निकाय चुनाव के दृष्टि से स्थानीय गाँधी मैदान में कार्यकर्ता सम्मेलन कर शंखनाद किया। नगर के सभी 27 वार्डो के भाजपा पार्षद प्रत्याशी अपने अपने वार्डो से रैली के रूप में गाँधी मैदान पहुंचे जहां विशाल सभा को उप मुख्यमंत्री द्वय अरुण साव एवं विजय शर्मा ने संबोधित किया। कार्यकर्ता सम्मेलन में अध्यक्ष प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी सहित सभी पार्षद प्रत्याशियों ने जनता का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा आप सबके सुख दुःख में खड़े होने वाले। जन जन से सतत संपर्क करने वाले हमारे परिश्रमी कार्यकर्ता चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी को पार्टी ने अपना प्रत्याशी बनाया है। इन्हें आशीर्वाद देना है। उन्होंने कहा हमने 5 वर्ष काँग्रेस के कार्यकाल में भय और भ्रष्टाचार के माहौल में रहे है । और विधानसभा चुनाव में आप सबने कवर्धा के मुक्ति संग्राम में भाग लेकर बाहरी विधायक से कवर्धा को मुक्त किया है। कांग्रेस अपने हार से सबक नही लिया और अब दारू बेचने वाले को अपना शहर अध्यक्ष बनाया है। उन्होंने कहा आपने मुझे कवर्धा की जिम्मेदारी दी है विगत 1 वर्षों में 70 करोड़ से अधिक की राशी कवर्धा शहर को विकास कार्य के लिए मिला है । कवर्धा आपका शहर है मेरा अपना शहर है आपके सोच के अनुकूल ही यहाँ विकास को तेजी से आगे बढ़ाने में कोई कसर नही छोड़ेंगे ।उन्होंने कहा अध्यक्ष सहित सभी 27 पार्षद भाजपा के जीताने की जिम्मेदारी आपकी है शहर को सुंदर बनाने की जिम्मेदारी हमारी है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा पूरे छत्तीसगढ़ को अपने कार्यकाल में 5 साल पीछे ले जाने वाले काँग्रेस पार्टी को आपने सबक सिखाया और भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनायी और इस एक वर्षो में विष्णुदेव साय ने अपने घोषणा पत्र के वादे पूरे कर दिए। महतारी वदन हो या गरीबो का पक्का मकान या किसानों को 3100 रुपये धान सभी वादे 1वर्षो में ही पूरे हुए। इसके अतिरिक्त चहुमुखी विकास छत्तीसगढ़ में हो रहा है चाहे शहर हो या गांव। आप लाडले विधायक ने कवर्धा शहर में विकास के लिए 75 करोड़ से ऊपर की राशि स्वीकृत कराई है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार गुड़ गवरनेंस देने में हमेशा अव्वल रहती है। आप कांग्रेसी सरकार में निकाय के अन्दर भी भ्रष्टाचार से तरसत रहे। छोटे-छोटे कार्यों के लिए भटकते रहे है। अब ये चुनाव कार्यकर्ताओं का चुनाव है अपने बीच के जमीनी कार्यकर्ता को जिताकर कवर्धा नगर पालिका में अध्यक्ष बनाइये। कवर्धा में विकास कार्य के लिए बजट का कोई बाधा नही होगा। उन्होंने कहा 27 पार्षद सहित अध्यक्ष कुल 28 कमल कवर्धा में खिलाना है।

## भाजपा ने की जनपद सदस्य के अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मंडल व जिला चयन समिति की अनुशंसा और प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति बाद जिला चुनाव प्रभारी घम्मन साहू व जिला भाजपाध्यक्ष डॉ बिसेसर साहू ने जिला पंचायत के बाद अब खैरागढ़-छुईखदान जनपद पंचायत के लिए भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। जारी सूची में सामाजिक संतुलन को देखते हुए पुराने व अनुभवी चेहरों के साथ ही नए चेहरों को मैदान में उतारा गया है। खैरागढ़ जनपद के 25 मे से 20 क्षेत्रों के लिए अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा हुई है जिसमें पूर्व जनपद अध्यक्ष उमाबाई सिन्हा, पूर्व जनपद सदस्य लखनलाल साहू, शैलेन्द्र मिश्रा, पूर्व जनपद सदस्य डॉ शैलेंद्र त्रिपाठी की धर्मपत्नि डॉ राजे श्री त्रिपाठी को प्रत्याशी घोषित किया है वही छुईखदान जनपद में जिला महामंत्री पूरन जंघेल, महेंन्द्र यादव, सुधीर गोलछा पर पार्टी ने भरोसा जताया है।

### भरतपुर जनपद क्षेत्र से मंजू ध्रुर्वे

जनपद पंचायत खैरागढ़ मे क्षेत्र क्रमांक भरतपुर 1 अजजा महिला से पूर्व जनपद सदस्य मंजू धुर्वे, 2 चिचका अनारक्षित महिला से डॉ राजेश्री त्रिपाठी, 3 गातापार जंगल अजजा मुक्त से द्रुपद कंवर, 4 बैगाटोला अपिव महिला से महेश्वरी वर्मा, 5 मुढ़ीपार अपिव मुक्त से पुरूषोत्तम साहू, 6 जूरलाकला अपिव मुक्त से गोपाल साहू, 7 भंडारपुर अपिव महिला से पूर्व जनपद अध्यक्ष उमाबाई सिंहा, 8 टोलागांव अनारक्षित महिला से मीरा वर्मा, 9 चारभाठा अनारक्षित मुक्त से भूपेंद्र सिंह, 10 सिंगारपुर अजा महिला से सविता जांगड़े, 11 विक्रमपुर अनारक्षित मुक्त से डोमन वर्मा, 12 कुलीकसा अपिव महिला से सुनीता गिरिया, 13 अकरजन अनारक्षित मुक्त से पूर्व जनपद सदस्य शैलेंद्र देवदत्त मिश्रा, 14 पांडादाह अपिव महिला से सरस्वती यदु, 16 दपका अनारक्षित मुक्त से लखनलाल साहू, 17 टेकापारकला अजा महिला से राजेश्वरी कोसरे, 20 राहुद अनारक्षित महिला से पूर्व जनपद सदस्य महेंद्र निषाद की पत्नि रजनी निषाद, 21 बाजार अतरिया अनारक्षित महिला से दीक्षा गुप्ता, 22 जोरातराई अनारक्षित महिला से सुरेखा गणेश वर्मा और 25 पाण्डुका अनारक्षित मुक्त से कोमल वर्मा को अधिकृत किया है।

### रामपुर से नीलम महेन्द्र यादव

छुईखदान जनपद पंचायत क्षेत्र मे 2 रामपुर अपिव महिला से नीलम महेंद्र यादव, 3 खादी अनारक्षित महिला से मीनाबाई पटेल, 6 ठाकुर टोला अनारक्षित मुक्त से संतन साहू, 7 जीराटोला अनारक्षित महिला से संगीता जंघेल, 8 दुल्लापुर अनारक्षित मुक्त से सेतलाल पटेल, 10 नादिया अनारक्षित महिला से सरिता पटेल, 12 पथर्रा अनारक्षित मुक्त से राजू जंघेल, 13 हनईबन अनारक्षित मुक्त से अमरसिंह साहू, 14 उदान अनारक्षित मुक्त से सुधीर गोलछा, 17 गर्रा अजा महिला से संतोषी जोशी, 18 खैरा नवापारा अपिव मुक्त से डोमार सिंह दद्दू, 19 कानीमेरा अपिव महिला से सरिता कमलेश साहू, 20 झूरानदी अपिव महिला से लता वर्मा, 21 विचारपुर अनारक्षित महिला से समरित उत्तम जंघेल, 22 पद्मावतीपुर अनारक्षित महिला से पुष्पा प्रकाश वर्मा, 23 खैरी अनारक्षित महिला से चंद्रकला सिंह और 24 बोरई अपिव मुक्त से पूरन जंघेल को अधिकृत किया है। जबकि क्षेत्र क्रमांक 1 नचनिया अजजा महिला, 4 गेरूखदान अजजा मुक्त, 5 दरबान टोला अजजा मुक्त, 9 कृतबांस अनारक्षित महिला, 11 पेंडरवानी अजा मुक्त, 15 समुंदपानी अजजा महिला, 16 बीरूटोला अजजा महिला और 25 पंडरिया अनारक्षित मुक्त में प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया जारी है।

## सार समाचार

### रमेश पटेल बने मुख्य चुनाव अभिकर्ता

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी के महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव ने पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश पटेल को चुनावी कार्यों का महत्वपूर्ण दायित्व देते उन्हें अपना मुख्य चुनाव अभिकर्ता नियुक्त किया है। भाजपा मीडिया सेल के अनुसार इसी प्रकार आयकर अधिवक्ता संजय लोहिया को भी व्यय निरीक्षक की जिम्मेदारी दी गई है।

### कॉन्फ्लूएंस को मिला एनएएसी निरीक्षण में बी ग्रेड

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लूएंस कॉलेज शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी एवं उत्कृष्ट कार्य कर रही है। पहली बार एनएएसी पीयर टीम का निरीक्षण महाविद्यालय



में किया गया है। जिसमें पहले प्रयास में ही महाविद्यालय ने इतनी बड़ी सफलता हासिल करते बी ग्रेड हासिल किया। महाविद्यालय को बी ग्रेड प्राप्त होने पर महाविद्यालय के संचालक डॉ. मनीष जैन, संजय अग्रवाल एवं आशीष अग्रवाल ने बधाई दी और कॉलेज प्राचार्य एवं प्राध्यापकों को प्रोत्साहित करते उनका उत्साहवर्धन किया। महाविद्यालय में दो दिवसीय एनएएसी निरीक्षण में एनएएसी पीयर टीम ने महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों, प्रकोष्ठों एवं कार्यविधियों का निरीक्षण करते विभिन्न प्रकार के सलाह एवं सुझाव दिए।

### पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ आज

**राजनांदगांव।** बसंत पंचमी अवसर पर स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ में आचार्य श्रीराम शर्मा का आध्यात्मिक जन्मदिन वैदिक आनुष्ठानिक आयोजन के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर शक्तिपीठ में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया है। इसके एक दिन पहले 1 फरवरी को सुबह 6 बजे से अखंड जाप कार्यक्रम आयोजित रही। कल 2 फरवरी को बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर पूज्य गुरुदेव श्रीराम शर्मा आचार्य का आध्यात्मिक जन्मदिन सुबह 9.30 बजे पर्व पूजन सहित पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम कर मनाया जाएगा।

### झारिया समाज का परिचय सम्मेलन आज

**राजनांदगांव।** झारिया समाज संगठन राजनांदगांव द्वारा कल 2 फरवरी को सुबह 10 बजे से पारिवारिक, सामाजिक परिचय सम्मेलन का आयोजन परमेश्वरी भवन दीनदयाल कॉलोनी चिखली राजनांदगांव में रखा गया है। संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष विजय मेहरा ने उपरोक्त समय में सामाजिक परिचय सम्मेलन में समाज के लोगों को उपस्थित होने की अपील की है।

### अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने शहीद दिवस पर गुरुवार को कलेक्टोरेट परिसर में स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों को मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं कलेक्टोरेट के अधिकारी-कर्मचारियों ने देश के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, संयुक्त कलेक्टर शीतल बंसल, संयुक्त कलेक्टर सरस्वती बंजारे सहित कलेक्टोरेट के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आरटीओ अधिकारी ने ट्रक चालक से की मारपीट

**चिचोला।** नेशनल हाईवे पाटेकोहरा में पदस्थ आरटीओ अधिकारी सिविल ड्रेस में घूमते हुए एक ट्रक चालक से जमकर मारपीट कर दी। इस मामले ने इतना तूल पकड़ा कि ट्रक चालकों ने आक्रोशित होकर मौके पर चक्काजाम कर दिया। यह स्थिति लगभग 3 घंटे निर्मित रही। मशक्कत बाद पुलिस ने मामले को सामान्य किया। प्राप्त जानकारी अनुसार शनिवार की देर शाम चिचोला थाना क्षेत्रांतर्गत नेशनल हाईवे पाटेकोहरा के पास एक आरटीओ अधिकारी जो सिविल ड्रेस में घूम रहा था उससे ट्रक चालक की किसी बात पर तू-तू मैं-मैं हो गई।

# आधी रात बाउंड्रीवॉल तोड़ने का मामला, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव




शहर के रिद्धी-सिद्धी कॉलोनी रोड निवासी 8 परिवारों के जमीन की बाउंड्रीवॉल तोड़े जाने के मामले को लेकर पीड़ितों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते इस मामले में कार्रवाई की मांग की है।

आठ परिवारों के बुजुर्गों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते कहा है कि श्रीमती रश्मि पांडे, श्रीमती नीराबाई साहू, स्वर्गीय दवनलाल कटरे, श्रीमती सुलोचना गनवीर, रमेश प्रसाद शुक्ला, सविता डे, महेश खोब्रागढ़े की बाउंड्रीवॉल तोड़ी गई है।

27-28 जनवरी की आधी रात 1.30 बजे रोहित जैन द्वारा जेसीबी चलवाकर बाउंड्रीवाल तोड़ा गया है। मामले की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने मुस्तादी से काम करते 28 जनवरी की शाम जेसीबी को जब्त कर लिया था और रोहित जैन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया गया था। प्रेस कॉन्फ्रेंस में शशिकांत गनवीर ने बताया कि आठों खरीददारों द्वारा यह बाउंड्रीवाल उस चौहद्दी की निशानदेही के लिए बनवाए गए थे, जो उन्हें सुशीला जैन, अर्चना जैन, संगीता जैन, मनोज जैन एवं इंदरचंद जैन परिवार द्वारा 2002-2003 में बयनामा रजिस्ट्री में दिखाया गया था और मौके पर खूंटा गड़ाकर भूमि का कब्जा सौंपा गया था।

इन आठ लोगों के अलावा ऐसे 30 परिवार और हैं, जिन्हें परेशान किया जा रहा है। उनका सीमांकन नहीं होने दिया जाता है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीड़ितों ने भूमि सीमांकन कराए जाने की मांग की है। वहीं बाउंड्रीवॉल तोड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई करने शासन-प्रशासन से मांग की है।

### राज्य स्तरीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन आज

**राजनांदगांव।** महाराष्ट्रीयन तेली समाज का राज्य स्तरीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन व हल्दी कुमकुम कार्यकम कल रविवार को दोपहर 01 बजे से स्टेशनपारा स्थित सामाजिक भवन परिसर में आयोजित होगा। समाज के अध्यक्ष राजेश समरीत व महिला मंडल अध्यक्ष मंजू बूटले ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम संत संताजी जगनाडे महाराज की पूजा-अर्चना व दीप प्रज्वलित कर किया जाएगा। समाज के कोषाध्यक्ष चंद्रभूषण गायधनी ने समाज के सभी वरिष्ठजन सदस्य, महिला-पुरूष, युवक-युवती से सहपरिवार उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।










